


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 30 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 13 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### सट्टा किंग के निगमकर्मी चाचा को आयुक्त ने किया निलंबित दारू पीकर किया जमकर बवाल

**भिलाई।** दुबई में बैठकर ऑनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार संचालित कर रहे सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर के चाचा दिलीप चंद्राकर को भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सस्पेंड कर दिया है। दिलीप चंद्राकर शराब के नशे में आयुक्त के कमरे में घुस गया। आयुक्त और वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने लगा। आयुक्त ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए अनुशासनहीन कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में पंप सहायक चंद्राकर को 77 एमएलडी में अटैच कर दिया गया है। सस्पेंड निगम कर्मी ने पहले भी वार्ड 31 के पार्षद पति और वहां मौजूद लोगों को धमकाया था। शिकायत पर जोन आयुक्त ने उसे नोटिस दिया था। नोटिस मिलने पर उसने जोन आयुक्त से भी अभद्र व्यवहार किया था। लगातार शिकायतों को देखते हुए कर्मी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# दुर्ग में सिटी बस का विरोध, पब्लिक बस सर्विस प्रोवाइडर सड़क पर उतरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राज्य सरकार ने एक बार फिर से सिटी बस सेवा शुरू कर दी है। राजधानी में सिटी बस सेवा शुरू होने के बाद रायपुर एयरपोर्ट से लेकर दुर्ग तक ऐसी बसों का संचालन किया जा रहा है। रविवार को दुर्ग बस स्टेंड पर एसी सिटी बस के पहुंचते ही यहां के पब्लिक बस सर्विस प्रोवाडर सड़क पर उतरे। बस ऑपरेटरों ने सिटी बस के बस स्टैंड पहुंचने का विरोध करने लगे। हंगामा इतना बढ़ गया कि पुलिस को दल




बल के साथ मौके पर पहुंचना पड़ा। दुर्ग सीएसपी सहित कोतवाली थाने सहित अन्य थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

बता दें दुर्ग से रायपुर एयरपोर्ट के लिए एसी सिटी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। सिटी बस के रूट को लेकर दुर्ग के बस ऑपरेटरों ने शनिवार को दुर्ग सीएसपी से मुलाकात कर अपनी बात रखी थी। बस ऑपरेटरों का कहना था दुर्ग से रायपुर जा रही सिटी बस का रूट ऐसा होना चाहिए जिससे निजी बस ऑपरेटरों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### बस स्टैंड से सवारी भरने का विरोध

निजी बस ऑपरेटर प्रकार देशलहरा ने बताया कि सिटी बस का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन इसका रूट निर्धारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर सिटी बस को सवारी भरने की क्या जरूरत है। रायपुर से दुर्ग पहुंचे लेकिन दुर्ग बस स्टैंड पर सिटी बस का स्टॉपेज नहीं है। पहले सिटी बस दुर्ग रेलवे स्टेशन से रायपुर एयरपोर्ट जाता था और वैसे ही चले। उन्होंने कहा कि सिटी बस यही बस स्टैंड से सवारी भरेंगे तो पब्लिक सर्विस वाले बस संचालक कहां जाएंगे।

## टारगेट किलिंग: आतंकियों ने फिर बनाया यूपी के दो मजदूरों को निशाना, सरेआम गोलियों से किया छलनी

**अनंतनाग (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग की घटनाएं कम होती नजर नहीं आ रही है। शनिवार रात आतंकवादियों ने यूपी के दो मजदूरों को सरेआम गोलियां मार दी। गोली लगने से दोनों मजदूरों की हालत बेहद गंभीर है। उनका उपचार चल रहा है। स्थानीय पुलिस ने ट्वीट करके इस घटना की जानकारी दी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के रख मोमिन इलाके की है। फिलहाल पुलिस और सुरक्षाबल के जवान इस इलाके में सर्चिंग अभियान चला रहे हैं ताकि आतंकियों को पकड़ा जा सके।

आतंकियों की गोली से घायलों दोनों मजदूर यूपी के रहने वाले हैं। उन्हें उपचार के लिए बिजबेहड़ा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर के रहने वाले मजदूरों का नाम छोटा प्रसाद और गोविंद हैं। 3 नवंबर को आतंकियों ने नेपाल के रहने वाले दो लोगों पर हमला किया था। कश्मीर में गैर मुस्लिमों पर टारगेट करके आतंकवादी हमला कर रहे हैं।

### 18 अक्टूबर को किया था हमला

इससे पहले आतंकवादियों ने शोपियां जिले में 18 अक्टूबर को यूपी के रहने वाले दो लोगों पर ग्रेनेड से हमला हुआ था। दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान कन्नौज के रहने वाले मनीष कुमार और राम सागर की मौत हुई थी।

## डोंगरगांव में बोले सीएम बघेल-जिला छोटा हुआ, प्रशासनिक कसावट लाकर आम जनता को लाभ पहुंचाएं अफसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान रविवार को डोंगरगांव में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नए जिलों के गठन के साथ राजनांदगांव जिले का क्षेत्रफल छोटा हुआ है, जिससे प्रशासनिक कसावट लाकर निचले स्तर पर आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ अधिकारियों द्वारा दिया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि जिले के छोटे होने से अधिकारी अपने कार्यों की सतत मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन बेहतर तरीके से कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी को लेकर चर्चा की जिसमें उन्होंने धान खरीदी को चुनौतीपूर्ण बताते हुए संबंधित अधिकारियों को धान की खरीदी से लेकर उसके उठाओ के नियमित प्रबंधन के लिए सफल कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने पैरादान के लिए संबंधित अधिकारियों को सही तरीके से प्रचार-प्रसार कर, ज्यादा से ज्यादा पैरा इकट्ठा करने के निर्देश दिए ताकि पर्यावरण को सुरक्षित करने के साथ-साथ पशुधन के लिए चारे की व्यवस्था हो सकेगी।

सड़कों की स्थिति को लेकर भी उन्हें पीडब्ल्यूडी के अभियंता से जानकारी मांगी और दिसंबर तक मरम्मत और नवीन सड़क से संबंधित सभी कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया और इसे प्राथमिकता की श्रेणी में रखने के लिए कहा। अवैध शराब को लेकर मिलने वाली शिकायत पर भी मुख्यमंत्री काफी सख्त दिखाई दिए जिसमें उन्होंने आबकारी अधिकारी को क्षेत्र के अंदरूनी स्थानों पर सतत मॉनिटरिंग कर विधिपूर्ण कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व संबंधी मामलों में बेहतर स्थिति निर्मित करने के लिए और छोटी से छोटी शिकायतों को भी गंभीरता से लेकर उसका निराकरण करने अफसरों को निर्देश दिया है।

# हल्ला बोल: प्रदेश सहित देश भर में अटका आधार का काम, कल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर आरपरेटर्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश व प्रदेश भर में आधार कार्ड बनाने के सैंकड़ों आधार केन्द्र/च्वॉइस सेंटरों का संचालन होता है। ऑल इंडिया आधार ऑपरेटर यूनियन (एआईएओयू) ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कल यानि 14 नवंबर से नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की फैसला किया है। फरवरी 2022 से लगातार अपनी मांगो को लेकर यूनियन के पधाधिकारियों द्वारा मिलने संबन्धित कई बार सीईओ, यूआईडीएआई एवं मंत्री अश्विनी वैष्णव (रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री) को कई बार ईमेल एवं टेलीफोन कर उनसे मिलने के लिए समय मांगा गया परंतु अब तक उन्होंने हमें कोई जवाब नहीं दिया है और ना ही मिलने का समय दिया।

इसी तरह आधार अथॉरिटी द्वारा कई तरह की समस्याओं, निलंबन की कार्रवाई और कई तरह की दिक्कतों का सामना करने विवश किया जा रहा है, जिससे हताश होकर दुर्ग जिले सहित पूरे भारतवर्ष से




आधार ऑपरेटर्स कल से अनिश्चिकालीन आंदोलन पर होंगे। वहीं नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 कार्यालय में संचालित आधार सेंटर के संचालक उमेश पटेल ने बताया कि उन पर बगैर कारण बताए एक साल से लेकर पांच साल तक सस्पेंशन की कार्यवाही की जा रही है। जिससे नाराज संचालको व ऑपरेटरों ने हड़ताल का सहारा लेने का ऐलान किया हैं।

इसी तारतम्य में विगत 12 नवंबर को देशभर के समस्त आधार ऑपरेटरों व संचालक अनिश्चित कालीन हड़ताल के समर्थन में सम्मिलित होने दुर्ग रेलवे स्टेशन से जंतर-मंतर नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। संचालक उमेश पटेल ने बताया कि दुर्ग जिले से लगभग 40-50 आपरेटर व संचालक और पूरे प्रदेश भर से लगभग 4-5 हजार आपरेटर अपनी आवाज बुलंद करने नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए है।

### सुधार कार्य में जनता को होगी तकलीफ

विगत दिनों आधार अथॉरिटी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान जिन्होंने आधार में कोई अपडेट नहीं कराया है, उनको आधार डॉक्यूमेंट (आधार कार्ड) को अपडेट कराने की अपील जारी की थी। वहीं दुर्ग जिले के वे निवासी जिन्होंने 10 साल पहले आधार कार्ड बनवाया और उसके बाद कभी अपडेट नहीं कराया है, ऐसे समस्त आधार कार्डधारियों को अपडेट कराने के निर्देश दिए गए है। इस बीच आधार संचालको व आपरेटरों का हड़ताल पर चले जाने से सुधार कार्य पूरी तरह से प्रभावित होगा।

### क्या है ज्ञापन में?

ऑपरेटर्स ने ज्ञापन में लिखा हैं कि गलती होने पर ट्रेनिंग देकर तुरंत बहाल किया जावे। वहीं 2021-22 में नवीन एसओपी के नियम के तहत निलंबित किए गए आधार सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से व्हाइटलिस्ट किया जाए और पूर्व में आधार सुपरवाइजर को सॉफ्टवेर में गलती सुधार का मौका दिया जाता था, उसे पुन: लागू किए जाने के आलावा 14 तरह की मांग रखी गई है। इन्हीं मांगो को लेकर 14 नवंबर को ऑल इंडिया आधार ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों द्वारा नई दिल्ली के जंतर मंतर पर सांकेतिक रूप से शांतिपूर्वक अपनी मांगे लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे।

## फोकट का भात और मुफ्त की दारू

श्रीकंचनपथ




देश में लोकतंत्र की भद्द पिटी है तो उसके लिए जितने जिम्मेदार नेता हैं, उससे कहीं ज्यादा जिम्मेदार हम आम नागरिक हैं. नेता अपनी सुविधा के लिए जनता को भीड़ में तब्दील करने की कोशिश करते हैं और हम उसमें शामिल हो जाते हैं. घर में खाने को कितना भी हो, मुफ्त भोजन का लालच हमें ट्रकों में बैठकर मीलों का सफर तय करने को मजबूर कर देता है. मुफ्त की दारू से चुनाव जीतना तो जैसे देश में परिपाटी ही हो गई है. संचार क्रांति के इस युग में ऐसे कितने नेता रह गए हैं जिन्हें लाइव सुनने के लिए लोग मरे जा रहे हों. फिर भी, प्रत्येक नेता की रैली में हजारों की भीड़ जुटाई जाती है. यातायात नियमों को धता बताकर ट्रकों, ट्रेलरों और डम्परों में लोगों को ढोया जाता है. ऐसे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमे का एक रुपया नहीं मिलने वाला. फिर भी जनता के कथित हितैषी राजनीतिक दल, लोगों को इन वाहनों में भर-भर कर लाते हैं. नेता उनकी पीठ थपथपाते हैं. टीवी पर 'तुलसी' को देखे बहुत दिन हो गये हैं. शायद लोग उन्हें दोबारा देखने के लिए मरे जा रहे थी. भाजपा स्मृति ईरानी की सभा में 50 हजार से ज्यादा की भीड़ जुटाने का दावा कर रही है. वह भी तब जब रूट बदलकर आ रहे वाहनों को पुलिस ने सभा स्थल तक आने ही नहीं दिया. लाए गए भोले भाले गांव वालों ने मीडिया से कहा कि उन्हें भोजन और पैसा देने का वायदा किया गया था. पर यहां तो पानी तक का इंतजाम नहीं है. लोग भूखे-प्यासे ही अपने गांव लौट गए. दरअसल, भीड़ भरी सभाएं सिर्फ एक माइंड गेम है. लोगों को ऐसा भ्रम होता है कि फलाना नेता इतना लोकप्रिय है कि उसे सुनने के लिए हजारों की भीड़ जुटी. पर यह भीड़ किस कीमत पर जुटाई जाती है, उसका किसी को कोई अंदाजा तक नहीं है. भीड़ को ढोने के लिए जिन मालवाहकों का इस्तेमाल किया जाता है, उन्हें सवारी बैठाने का परमिशन नहीं है. मतलब यह कि भीड़ का परिवहन अवैध रूप से किया जाता है. दूसरे, पूरा पुलिस प्रशासन सारे कामकाज छोड़कर भीड़ की व्यवस्था में लग जाता है. भीड़ और पुलिस प्रशासन की व्यस्तता का फायदा उठाकर अपराधी तत्व सक्रिय हो जाते हैं. जेबकतरे, लुटेरे, छिनतई करने वाले भीड़ में शामिल होकर अपना काम कर जाते हैं. इतनी मशक्कत के बाद जो जनसभाएं होती हैं, उसमें लोगों से कहने के लिए नेताओं के पास कुछ नहीं होता. उससे तो मोदी जी लाख गुना बेहतर हैं. टीवी और रेडियो पर उनके मन की बातें आती हैं. जिसे सुनना है सुन ले, जिसे नहीं सुनना वो बेशक क्रिकेट देख ले. संचार क्रांति के इस युग में होना भी यही चाहिए. चुनाव आयोग को ऐसी सभी सभाओं का संज्ञान लेकर इसके खर्च को पार्टी द्वारा किए गए चुनाव खर्च में जोड़ देना चाहिए. तभी नेताओं की अक्ल ठिकाने आएगी.

## 16 साल के युवा क्रिकेटर ने वह कर दिखाया जो बड़े-बड़े खिलाड़ी नहीं कर सके, नतमस्तक हुए खेल प्रेमी

**बेगलुरू (एजेंसी)।** देश में क्रिकेट प्रतिभाओं की कमी नहीं है। गली मोहल्लों से निकलकर शानदार खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज हम बताने जा रहे हैं एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसने पूरे क्रिकेट फैन्स को हैरान कर दिया है। 16 वर्षीय इस युवा क्रिकेटर ने वन-डे क्रिकेट के इतिहास में ऐसी धमाकेदार पारी खेली है जिसने बड़े-बड़े खिलाड़ियों को हैरान कर दिया है।



हम बात कर रहे हैं तन्मय मंजुनाथ की जो शिमोगा के सागर से ताल्लुक रखते हैं। 16 साल के तन्मय मंजुनाथ ने 50 ओवर के एक मैच में 407 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलीद। इस युवा बल्लेबाज ने अपनी इस पारी में 165 गेंदों का सामना किया और इस दौरान 48 चौके लगाए, जबकि 24 छक्के जमाए। तन्मय मंजुनाथ सागर क्रिकेट क्लब के लिए खेलते हैं। शिमोगा में 50-50 ओवर्स का इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट खेला गया। इस टूर्नामेंट में तन्मय ने भद्रावती NTCC टीम के खिलाफ अपनी यह 407 रनों की आतिशी पारी खेली।

यह टूर्नामेंट कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तहत खेला गया। इसी टूर्नामेंट के तहत सागर क्रिकेट क्लब और भद्रावती के बीच मुकाबला खेला गया था। इसी मैच में तन्मय मंजुनाथ ने 407 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। इसी पारी के बदौलत टीम ने 50 ओवर में 583 रन का स्कोर बनाया। वनडे मैचों के इतिहास में यह एक बड़ा स्कोर है। तन्मय की पारी के कारण इस मैच में भद्रावती टीम को हार का सामना करना पड़ा। तन्मय की इस पारी ने क्रिकेट लवर्स को दीवाना बना दिया है और इसे भावी इंडियन टीम के खिलाड़ी के रूप में देख रहे हैं।



## संपादकीय

### पांचवी पारी के लिए

सन् 2023 में विधानसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती । पार्टी ऐसे लोगों को तैयार कर रही है, जिनकी समाज में अच्छी पकड़ है । साथ ही, विदेशों में बसे प्रदेश के नौकरीपेशा और बिजनेसमैन लोगों को लुभाया जा रहा है, जिससे वे भाजपा के फेवर में माहौल बना सकें। इसके लिए पार्टी का विदेश सम्पर्क विभाग तेजी से काम कर रहा है। विदेश सम्पर्क विभाग ने दो बड़े कार्यक्रमों के जरिए विदेशों में बसे मध्यप्रदेश के युवाओं और परिवारों को जोड़ने की शुरुआत की है। इन्हें लगातार प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और आयोजनों में वर्चुअली जोड़ा जायेगा। सन् 2018 में हुए विधानसभा चुनाव मामूली अन्तर से भाजपा प्रदेश की सत्ता से बाहर हो गई थी। हालांकि बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने के बाद भाजपा फिर काबिज हो गई। एंटी इन्कमबेंसी से निपटने बीजेपी अब कैंपेन चला रही है। भाजपा विदेश सम्पर्क विभाग ने प्रदेश के ऐसे परिवारों में मिठाई और बधाई संदेश पहुंचाया, जिनके बेटा-बेटी या परिजन विदेशों में बसे हैं। भोपाल के भटीजा परिवार का बेटा भवनेश भटीजा स्विटजरलैंड में है। विदेश सम्पर्क विभाग की टीम ने उनके घर पहुंचकर दिवाली की मिठाई देकर बधाई दी। डॉ. दीपक कौल का बेटा दीपक कौल वाशिंगटन में पढ़ाई कर रहा है। दीपक के घर टीम ने मिठाई देकर आशीर्वाद लिया। दीपक के पिता ने बताया कि बेटा दूर रहता है, इसलिए आ नहीं सका, लेकिन आप लोग आ गये, ये भी कम नहीं है। इसी तरह, कुलवंत कौर सैनी का बेटा मनप्रीत सिंह सैनी जर्मनी में हैं। दिवाली की बधाई पाकर ही गगनदीप सिंह सैनी भी भावुक हो उठे। विदेश सम्पर्क विभाग के सह-संयोजक सुधांशु गुप्ता ने उन्हें गले से लगा दिया। गगनदीप की मां कुलविंदर कौर और भाई सुरजीत कनाडा में हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने करीब 40 देशों में बसे भारतीयों से वर्चुअल मीटिंग कर महाकाल लोक का लोकार्पण कार्यक्रम देखने की अपील की थी। इस पर विदेशों में बसे मध्यप्रदेश के नागरिकों और भारतीयों ने लाइव प्रसारण देखा था । उज्जैन के कार्यक्रम के बाद दुनिया भर से मध्यप्रदेश के नागरिकों ने इसका अच्छा फीडबैक दिया था। बीजेपी नेतृत्व का प्लान है कि विदेशों में बसे भारतीयों और मध्यप्रदेश के नागरिकों, स्टूडेंट्स, बिजनेसमैन वर्ग को सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा किये जा रहे कामों का फीडबैक शेयर करने के लिए तैयार किया जाये । पार्टी के लोग मानते हैं कि सोशल मीडिया का नेटवर्क ग्लोबल है । दूसरे देशों में बसे प्रदेशवासियों से उनके परिवार, दोस्त और मध्यप्रदेश के लोग इससे जुड़े हैं । ऐसे में एनआरआई यदि भाजपा सरकार के कामों की सराहना करेंगे, तो सकारात्मक माहौल बनेगा। मिशन 2023 को लेकर बीजेपी के सामने की तरह की चुनौतियां हैं। बढ़ती मंहगाई, बेरोज़गारी, आदिवासी आन्दोलन के अलावा महिला अपराध जैसे कई मुद्दों पर बीजेपी को चुनौती मिल रही है। चुनाव में सकारात्मक बनाने के लिए प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने रिटायर्ड आई.ए.एस. और आई.पी.एस. अफसरों को जोड़ने के लिए पिछले हफ्ते भोपाल के भोजपुर क्लब में बैठक की थी। बीजेपी एफपीओ ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े रिटायर्ड आई.ए.एस. एसएनएस चौहान ने बैठक के लिए मध्यस्थता की थी। मीटिंग में सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ऋषि कुमार शुक्ला, पूर्व डीजीपी स्वराज पुरी, पूर्व आई.ए.एस. एसके मिश्रा, अजात शत्रु रघुवीर श्रीवास्तव, एसएस उप्पल, महेश चौधरी, कविन्द्र कियावत, डीडी अग्रवाल एस एन रूपला, केपी राही, एसएनएस चौहान, नरेश पाल, बीएस कुलेश, अशोक वर्मा, राजीव सक्सेना, पूर्व आई.पी.एस. आरके मराठे, अरुसिया समेत अन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी। बैठक में शामिल हुये एक अफसर ने बताया कि भाजपा नेतृत्व की अपेक्षा है कि एलीट क्लास से सार्वजनिक फीडबैक मिले। भाजपा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और महाकाल लोक, खंडवा फ्लोटिंग सोलर प्लांट जैसे बड़े प्रोजेक्ट के फायदे समाज को बताएं। देखें इस योजना से क्या लाभ मिलता है।

> “ विदेश सम्पर्क विभाग की टीम ने उनके घर पहुंचकर दिवाली की मिठाई देकर बधाई दी। डॉ. दीपक कौल का बेटा दीपक कौल वाशिंगटन में पढ़ाई कर रहा है। दीपक के घर टीम ने मिठाई देकर आशीर्वाद लिया। दीपक के पिता ने बताया कि बेटा दूर रहता है, इसलिए आ नहीं सका, लेकिन आप लोग आ गये, ये भी कम नहीं है। इसी तरह, कुलवंत कौर सैनी का बेटा मनप्रीत सिंह सैनी जर्मनी में हैं। दिवाली की बधाई पाकर ही गगनदीप सिंह सैनी भी भावुक हो उठे। विदेश सम्पर्क विभाग के सह-संयोजक सुधांशु गुप्ता ने उन्हें गले से लगा दिया।

## बार-बार की नाकामी

भारत सरकार ने तीन महीने पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन इसके इस्तेमाल में बीते तीन महीनों में कोई फर्क नहीं पड़ा है।

ऐसा लगता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश फिर नाकाम रही है। दरअसल, इस बात को जानने के लिए हमें किसी अध्ययन की जरूरत भी नहीं है। बाजारों में जाकर कोई भी खुद देख सकता है कि एसयूपी के इस्तेमाल में बीते तीन महीनों में कोई फर्क नहीं पड़ा है। भारत सरकार ने तीन महीने पहले एसयूपी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, ताकि प्लास्टिक कचरे और बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लग सके।ये प्रतिबंध एसयूपी से बनी 21 चीजों पर लगाए गए थे जिनमें प्लेट्स, बर्तन, स्ट्रॉ, पैकेजिंग फिल्म और सिगरेट के पैकेट शामिल हैं। प्रतिबंध केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए, लेकिन इन्हें लागू कराने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स पर डाली गई है। स्पष्ट है कि राज्य समुचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पाबंदी को पूरी तरह से लागू कराने के लिए संभवतः राज्यों के पास कोई प्रभावी रणनीति ही नहीं है। भारत में हर साल करीब एक करोड़ 40 लाख टन प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। पिछले साल एक सरकारी समिति ने एसयूपी से बनी चीजों को उनकी उपयोगिता और उनके पर्यावरणीय प्रभाव के सूचकांक के आधार पर चिह्नित किया, जिन्हें प्रतिबंधित किया जाना था।

इस तरह के प्लास्टिक भारत में निकलने वाले कुल प्लास्टिक कचरे का महज 2-3 फीसद ही है। विशेषज्ञों ने तभी चेतावनी दी थी कि यह प्रतिबंध लागू करना कोई आसान काम नहीं है। दरअसल, इन प्रतिबंधित वस्तुओं की मांग को पूरा करने के लिए सस्ते विकल्पों की जरूरत है, जिन्हें उपलब्ध कराने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में निवेश भी नहीं हुआ है। भारत में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत 11 किलो ग्राम प्रति वर्ष है और यह दुनिया में अभी भी सबसे सबसे कम है। दुनिया भर में प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत 28 किलो है। खुदरा कारोबारी एसयूपी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैँ। ऐसा वो इसलिए करते हैं कि ग्राहक इसकी मांग करते हैँ। अगर कारोबारी अपने पास एसयूपी के बैग ना करें, तो उसका असर उनकी बिक्री पर पड़ता है। इसलिए पिछले मौकों की तरह इस बार भी ये रोक नाकाम साबित हो रही है।

> “ चावल को फोर्टीफाई करने के लिए सबसे पहले सामान्य चावल का पाउडर बनाया जाता है और उसमे सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और आयरन, एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार मिलाये जाते है। चावल के पाउडर और विटामिन/मिनरल के मिश्रण को मशीनों द्वारा गूंथा जाता है और एक्सट्रूजन नामक मशीन से चावल के दानों फोर्टिफाइड राइस कर्नेल एफआरके को निकाला जाता है।

# सूक्ष्म पोषक तत्वों विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और आयरन से भरपूर है फोर्टिफाइड चावल

नितिन शर्मा, सहायक संचालक



प्रत्येक माता-पिता की ख्वाइश होती है कि उनके बच्चे स्वस्थ्य रहें। लेकिन उनकी चिंता तब बढ़ जाती है जब बच्चे खाने-पीने में आनाकानी करते हैं। इससे बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है और उनकी वृद्धि प्रभावित होती है। इसके साथ कुछ बच्चे जन्म से ही कुपोषित होते हैं। बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य और सुपोषण स्तर बना रहे इसके लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर मध्याह्न भोजन में फोर्टिफाइड चावल का वितरण शुरू किया गया है। फोर्टिफाइड चावल वितरण की शुरूआत कोण्डागांव जिले से हुई थी। फोर्टिफाइड चावल क्या होता है..ये कैसे बनाया जाता है और बच्चों के लिये ये कैसे उपयोगी है..इस लेख में आपको बताते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक फूड फोर्टीफिकेशन का मतलब होता है टेक्नोलॉजी के माध्यम से खाने में विटामिन और मिनरल के स्तर को बढ़ाना। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आहार में पोषक तत्वों की कमी को दूर किया जा सके और इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी लाभ मिले।

आम तौर पर चावल की मिलिंग और पॉलिशिंग के समय फैट और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर चोकर की परतें हट जाती है। चावल की पॉलिश करने से 75-90 प्रतिशत विटामिन भी निकल जाते है जिसके वजह से चावल के अपने पोषक तत्व खत्म हो जाते है। इसलिए चावल को फोर्टिफाई करने से उनमें सूक्ष्म पोषक तत्व न सिर्फ फिर से जुड़ जाते है बल्कि और ज्यादा मात्रा में मिलाये जाते है जिससे चावल और ज्यादा पौष्टिक बन जाता है।

छत्तीसगढ़ देश का प्रमुख चावल उत्पादक राज्य है। विश्व में 22 प्रतिशत चावल का उत्पादन भारत करता है और हमारे देश में 65 प्रतिशत आबादी रोज़ चावल का सेवन करती है। इतना ही नहीं, भारत में प्रति व्यक्ति चावल की खपत प्रति माह 6.8 किलोग्राम है। भारत में खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों में चावल का वितरण भी बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। इसलिए देश की ज्यादातर आबादी के लिए चावल ऊर्जा और पोषण का एक बड़ा स्रोत है और कुपोषण से लड़ने के लिए चावल का फोर्टीफिकेशन एक कारगर रणनीति है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के कई देश चावल के फोर्टीफिकेशन की रणनीति को लागू कर रहे है।

चावल को फोर्टीफाई करने के लिए सबसे पहले सामान्य चावल का पाउडर बनाया जाता है और उसमे सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और आयरन, एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार मिलाये जाते है। चावल के पाउडर और विटामिन/मिनरल के मिश्रण को मशीनों द्वारा गूंथा जाता है और एक्सट्रूजन नामक मशीन से चावल के दानों फोर्टिफाइड राइस कर्नेल एफआरके को निकाला जाता है। इस एफआरके के एक दाने (ग्राम) को सामान्य चावल के 100 दानों (ग्राम) के अनुपात में मिलाया जाता है जिसे फोर्टीफाइड चावल कहते है।

फोर्टीफाइड चावल में कई पोषक गुण है क्यूंकि इसमें आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व या माइक्रोन्युट्रिएंट्स मिलाये जाते है। ये पोषक तत्व अनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से बचाता है।

आयरन अनीमिया से बचाव करता है, फोलिक एसिड खून बनाने में सहायक होता है और विटामिन बी 12 नर्वस सिस्टम के सामान्य कामकाज में सहायक होता है। फोर्टीफाइड चावल के नियमित सेवन से बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुनिश्चित होता है।

अधिकतम पौष्टिक लाभ के लिए फोर्टीफाइड चावल को पर्याप्त पानी में पकाना चाहिए और बचे हुए पानी को फेंकना नहीं चाहिए। अगर चावल को बनाने से पहले पानी में भिगोया गया हो तो चावल को उसी पानी में पकाना चाहिए। फोर्टीफाइड चावल को हर बार इस्तेमाल करने के बाद साफ और सूखे हवा-बंद डब्बे में रखना चाहिए।

फोर्टीफाइड चावल सरकारी राशन की दुकानों पर मिलता है। यह चावल आंगनवाड़ी केंद्रों पर दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में भी दिया जाता है।

फोर्टीफाइड चावल से संबंधित कुछ भ्रांतियां और तथ्य

**भ्रान्ति:** फोर्टीफाइड चावल प्लास्टिक चावल है।

**तथ्य:** चावल को थ्ज्ञ के साथ 100:1 के अनुपात में मिलाकर फोर्टीफाइड चावल तैयार किया जाता है। चावल के आटे और प्रीमिक्स से तैयार किया जाता है जिसमें आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 होता है जिसे एक साथ मिश्रित किया जाता है। इसमें प्लास्टिक जैसा कुछ भी नहीं होता और यह उपभोग करने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक है।

**भ्रान्ति:** फोर्टीफाइड चावल के स्वाद, सुगंध और पकाने की विधि में परिवर्तन होता है।

**तथ्य:** स्वाद, सुगंध और दिखने में फोर्टीफाइड चावल सामान्य चावल के जैसा ही होता है। इसे सामान्य चावल की तरह ही पकाकर सेवन करना चाहिए।

**भ्रान्ति:** फोर्टीफाइड चावल में पोषक तत्व खाना पकाने के दौरान नष्ट हो जाते हैं।

**तथ्य:** फोर्टीफाइड चावल पकाने के दौरान अपने पोषक तत्वों को बरकरार रखता है। अत्यधिक पानी में धोने और पकाने के दौरान भी पोषक तत्व अवशेष बरकरार रहते हैं।

# प्रदेश में युद्धस्तर पर जारी है सड़कों की मरम्मत

समग्र विकास को गतिशील बनाने में सड़कों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सड़कें विकास की संवाहक होती है। सड़कों के माध्यम से ही तरक्की का पहिया तेजी से घूमता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदूर अंचल तक विस्तारित करने में सड़कें महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। अच्छी और गुणवत्तापूर्ण सड़कें खुशहाल और समृद्ध अर्थव्यवस्था की परिचायक है, जहां सड़क अच्छी होती है, उन जगहों पर सुविधाएं पहुंचाने में आसानी होती है। सड़क केवल बसाहटों को नहीं जोडती हैं, बल्कि सडकें, सुविधाओं का विस्तार और विकास भी सुनिनिश्चित करती हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सरगुजा अंचल से लेकर बस्तर अंचल तक की सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। सड़कों का निर्माण और मरम्मत का काम गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित भेंट-मुलाकात में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिलों के अधिकारियों को खराब सड़कों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का काम प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए थे। क्षेत्र की जरूरत के अनुसार उन्होंने नई सड़कों के निर्माण की भी घोषणा की थी। राज्य में नवीन सड़कों का निर्माण और पुरानी सड़कों के मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

राज्य में अब तक एक हजार करोड़ रूपए की लागत से सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। दिसम्बर 2022 तक 165 सड़कों एवं पुलों, मार्च 2023 तक 180, जून 2023 तक 99, जुलाई 2023 तक 29 सड़कों एवं पुलों सहित कुल 483 कार्यों को छत्तीसगढ़ रोड़ एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पूरा कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत कटघोरा-हरदीबाजार-बलौदा-अकलतरा मार्ग में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिला रायगढ़ अतंर्गत चंद्रपुर-डभरा-खरसिया-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा। जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत फगुरम से डभरा होते हुये चंद्रपुर मार्ग, जिला दुर्ग अंतर्गत दुर्ग अण्डा उतई पाटन अभनपुर मार्ग, दुर्ग के एसीसी चौक जामुल से नंदिनी अहिवारा मार्ग, जिला बालोद के आदमाबाद घोटिया डौंडी मार्ग, जिला जशपुर के बतौली-बगीचा-चरईडांड मार्ग, जिला सरगुजा के अंबिकापुर-दरिमा-नवानगर मार्ग, जिला बस्तर के जगदलपुर बायपास मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग, एडीबी परियोजना एवं बजट में सम्मिलित विभिन्न योजना के तहत निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़क और पुल के कार्य तेजी से पूर्ण कराये जा रहे हैं।

# विपक्ष का समुच्चय

भारत जोड़ो यात्रा को अनपेक्षित जन समर्थन मिला है। इससे नाउम्मीदी से घिर रहे लोगों को यह अहसास हुआ है कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ।

अपने पहले दो महीने में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा आरएसएस-भाजपा विचारधारा के विपक्ष को एक जगह लाने का मंच बनी है। यहां विपक्ष से मतलब सिर्फ संसदीय विपक्ष से नहीं हैं। संसदीय दल अपने चुनाव फायदे के गुणा-भाग के आधार पर कहीं शामिल होने या ना होने का फैसला करते हैं। लेकिन जिन समूहों की चिंता ऐसी गणनाएं नहीं हैं, उनको निश्चित रूप से इस यात्रा ने गतिरोध तोड़ कर आगे आने का एक मौका दिया है। इसीलिए ऐसे अनेक लोग इस यात्रा में शामिल हुए हैं, जिनके मन में कांग्रेस को लेकर लंबा दुराव रहा है। ऐसे लोगों के मुंह के राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्रा की प्रशंसा सुनना असामान्य तो लगता है, लेकिन इसमें कोई आश्चर्य नहीं होता। इसीलिए कि नरेंद्र मोदी के दौर में भाजपा का पूरा राजनीतिक और सांस्कृतिक वर्चस्व बनने से चिंतित या बेचैन रहे लोग खुद को एक बंद गली में पाते रहे हैं। यह कहना जल्दबाजी होगी कि इस बंद गली से आगे जाने का रास्ता निकल आया है। अभी यह कहना अतिशयोक्ति होगी कि इस यात्रा के साथ भाजपा का वर्चस्व टूटने की शुरुआत हो गई है।

लेकिन रोज लोकतंत्र पर बढ़ते बंधनों, टूटते सामाजिक सद्भाव और विकराल होती आर्थिक समस्याओं के बीच चुपचाप बैठे रहने पर जो उद्विग्नता होती है, उससे निकलने का जरिया ये यात्रा जरूर बनी है। यही कारण है कि पांच राज्यों से गुजर कर अब छठे राज्य में प्रवेश कर रही इस यात्रा को आम जन का अनपेक्षित समर्थन मिला है। इससे नाउम्मीदी से घिर रहे लोगों को यह अहसास हुआ है कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ। बल्कि अगर भाजपा की विचारधारा प्रबल बनी हुई है, तो उसकी वैकल्पिक विचारधारा के लिए भी जमीनी समर्थन अभी कायम है। स्पष्टतः उस समर्थन को एकजुट करना और उससे राजनीतिक पूंजी का निर्माण करना एक दूरगामी और कठिन चुनौती है। फौरी चुनावी लाभ के अर्थ में यात्रा का महत्त्व समझने की कोशिश में निराशा ही हाथ लगेगी। लेकिन चुनौतियां चाहे जितनी विकट हों, मगर उनके सामने हथियार डाल देना कभी विकल्प नहीं होता। राहुल गांधी की खूबी यह है कि उन्होंने इस बात को समझा और कठिन यात्रा पर निकल पड़े। तो अनगिनत लोग रास्ते में उनसे जुड़ रहे हैं और ये कारवां लंबा होता जा रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़







## मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकातः स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लाल बहादुर नगर को नगर पंचायत बनाने सहित कई घोषणाएं की है। उन्होंने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में लोगों को शासकीय कार्यक्रमों की क्रियान्वयन से मिल रहे लाभ के बारे में रूबरू जानकारी ली। उन्होंने आज राजनांदगांव जिले के ग्राम लाल बहादुर नगर में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत वहां के हनुमान मंदिर और सांई मंदिर में पूजा-अर्चना और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की। मुख्यमंत्री का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने खुमरी पहनाकर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान लोगों की मांग पर लाल बहादुर नगर को नगर पंचायत बनाने, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू करने, आलिवारा में हाईस्कूल का हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन व किसान सुविधा केंद्र, मांगीखुटा जलाशय निर्माण, जमारी डायवर्सन क्रमांक 2 के प्रशासकीय स्वीकृति और ग्राम माटेकसा से पिनकापार वृहद पुल निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के 77 हितग्राहियों को मोटराइज्ड सायकल, ट्राय सायकल, पोषण कीट, सिलाई मशीन, गैस सिलेण्डर, बीज कीट आदि वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि विधानसभा में बैठकर हम योजना बनाते हैं। सचिवालय में इस पर बारीकी से कार्य होता है फिर जिला प्रशासन इसे कार्यान्वित करता है। इन योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं, यह जानने के लिए आया हूँ।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। सबसे पहले किसानों को भारी भरकम खेती-किसानी के कर्ज से मुक्त करने का फैसला किया। इसके लिए हमने अल्पकालिन कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों के हित में अनेक निर्णय लिए, जिससे किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। युवा वर्ग भी खेती-किसानी के प्रति भी रूचि ले रहे है। पंजीकृत किसानों की संख्या और खेती का रकबा भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की है। धान के अलावा कोदो, कुटकी का भी समर्थन मूल्य तय किया है, जिसका लाभ सभी किसानों को मिल रहा है। गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को भी अच्छी कीमत मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भूमिहीन श्रमिकों के लिए भी योजना बनाकर राशि देने का काम किया है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से भूमिहीन श्रमिकों को साल में 7 हजार रूपए दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सार्वभौम पीडीएस से लोगों को आसानी से राशन मिल रहा है। लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा देने के लिए चलाई जा रही इस योजना में पात्र लोगों को अब राशन कार्ड बनाना आसान हो गया है।

## मोबाइल जन सेवा वाहन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**- राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य इसमें देंगे अपनी सेवाएं**

**- मोबाइल जनसेवा वाहन में होगी कंप्यूटराइज्ड मशीन से नेत्र जांच और रक्तदान के माध्यम से ब्लड कलेक्शन**



**रायपुर ।** राजनांदगांव जिले के विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम अर्जुनी के भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से जनसेवा की दिशा में एक और सुनहरी पहल की है। ग्रामीणजनों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए मोबाइल जन सेवा वाहन चलाया जायेगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। इस मोबाइल यूनिट में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के द्वारा गांव और अन्य स्थानों में शिविर लगाकर नेत्र जांच एवं रक्तदान जैसी सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब को मोबाइल जन सेवा वाहन शासन द्वारा प्रदान किया गया है। जिसमें नेत्र क्लीनिक और ब्लड बैंक के लिए रक्तदान के माध्यम से ब्लड इकट्ठा करने का कार्य किया जाएगा। आंखों के जांच के लिए इसमें मैनुअल लेंस चेकिंग के साथ-साथ ऑटोरेफ और स्लाईट लैम्प जैसी अत्याधुनिक मशीन भी उपलब्ध है, जिससे आंखों की कंप्यूटराइज्ड आई चेकअप और आंखों के अंदरूनी हिस्सों की जांच भी की जाएगी। इसके साथ साथ रेमी कंपनी की ब्लड स्टोरेज भी उपलब्ध है जिसमें ब्लड डोनर के स्क्रीनिंग के पश्चात ब्लड कलेक्ट कर इस स्टोरेज में इसका संग्रहण कर इसे ब्लड बैंक में भेज दिया जाएगा।

## खास खबर

### सवा दो लाख दीयों की रोशनी से जगमगाया दलपत सागर

**जगदलपुर।** जगदलपुर का दलपत सागर लगभग सवा दो लाख दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। नगर निगम प्रशासन व जिला प्रशासन की पहल पर नगर वासियों, जनप्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से दलपत सागर के संरक्षण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के लिए लोगों से दान में दीपक, तेल और बातियाँ ली गई थीं। स्वच्छ जगदलपुर के संकल्प पर दीपोत्सव के इस कार्यक्रम को लेकर शहर के सभी वर्गों में गजब का उत्साह देखने को मिला और पूरे दलपत सागर के आसपास मेले से माहौल बन गया। बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी जाति-सम्प्रदाय और आय वर्ग के लोगों की सहभागिता से यहां का उत्साह और भी अधिक बढ़ गया, वहीं रानी घाट में पूजा अर्चना के बाद एक साथ सवा दो लाख दीयों की रोशनी में दलपत सागर की सुंदरता भी कई गुना बढ़ गई। इस दौरान दलपत सागर के किनारों के साथ ही दलपत सागर की पानी मे छोड़े गए दोनों में जलते दीपक और आसमान में छोड़े गए गुब्बारों में दियों की रोशनी जल-थल और नभ को रोशनी से भर दिया। दलपत सागर के आसपास दीप उत्सव पर जमकर आतिशबाजी भी की गई, जिससे पूरा माहौल उल्लासमय हो गया ।

दीपोत्सव के कार्यक्रम में संसदीय सचिव रेखचंद जैन, पद्मश्री धर्मपाल सैनी, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू, कमिश्नर श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, नगर निगम आयुक्त दिनेश कुमार नाग सहित जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना कर दीपोत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि यह दलपत सागर अपने अस्तित्व को खोता जा रहा था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दलपत सागर को पुनर्जीवन देने का कार्य किया। जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण कार्य को किया। महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा कि आज यहां सवा दो लाख दीए जलाए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न समाजों के सामाजिक भवनों के लिए दी राशि की मंजूरी

## महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के रास्ते पर छत्तीसगढ़ का आर्थिक मॉडलः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रात राजनांदगांव के डोंगरगांव में विभिन्न समाज प्रमुखों से भेंट-मुलाकात की। उन्होंने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों द्वारा सामाजिक भवन के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की। सामाजिक भवन हेतु भूमि उपलब्ध कराने के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने समाज प्रमुखों को कलेक्टर को आवेदन करने कहा। उन्होंने बताया कि भूमि के मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करने पर विभिन्न समाजों को भूमि का आबंटन किया जा रहा हैं।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की कल्पना के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही खेती-किसानी को लाभकारी बनाने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल से गांव-गांव में आर्थिक तरक्की का रास्ता खुल रहा है। हमने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के रास्ते को अपना कर छत्तीसगढ़ को आर्थिक मॉडल बनाया।

राजनांदगांव जिले के ग्राम अर्जुनी में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने गौठानों में रूरल इण्डस्ट्रियल पार्क के जरिए युवाओं को रोजगार उद्यम से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य में 300 नए रीपा तैयार किए जा रहे हैं। रीपा में गांव के युवाओं को गांव में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9500 गौठानों के साथ हम छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपरा को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। गौठानों से गांवों में आर्थिक विकास के लिए नये अवसर पैदा हो रहा है। किसानों को खेती-किसानी के लिए बेहतर माहौल के साथ ही पशुधन संरक्षण और संवर्धन के अलावा बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण रोजगारमूलक गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।

भेंट-मुलाकात के दौरान चन्द्रवंशी आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों को सामाजिक भवन के लिए कलेक्टर को आवेदन देने कहा। हल्बा समाज की ओर से वीरेन्द्र मसीह ने गोडलवाही में एक सामुदायिक भवन की माँग की साथ ही एक कॉलेज की माँग की। इस पर मुख्यमंत्री ने पीपीपी मॉडल पर कॉलेज संचालन को लेकर हाल में जारी नियम का उल्लेख करते हुए समाज को उन प्रावधानों के तहत कॉलेज संचालन का सुझाव दिया। इस पर ज़िला कलेक्टर को भी कार्यवाही आगे बढ़ाने के निर्देश उन्होंने दिए। मुख्यमंत्री ने समाज के लिए सामुदायिक भवन की स्वीकृति देते हुए 10 लाख रूपए की स्वीकृति की घोषणा की। डोंगरगांव में सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि ने सामुदायिक भवन की माँग की। मुख्यमंत्री ने आवेदन देने कहा। माहेश्वरी समाज की ओर से गोपाल टावरी ने समाज के लिए ज़मीन की माँग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7500 वर्गफुट तक जमीन कलेक्टर के अनुमोदन से और अधिक ज़मीन मंत्रालय के अनुमोदन से स्वीकृति की की जाती है, जिसे भूमि के मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने सेन समाज के लिए बिलहारी एवं मुरमुंदा में सामाजिक भवन के लिए 10-10 लाख रूपए की स्वीकृति की घोषणा की। राजपूत समाज की ओर से बस स्टैंड चौक को महाराणा प्रताप के नाम पर करने की माँग पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्थानीय प्रशासन (नगरीय निकाय) से इसकी स्वीकृति कराने की बात कही। साहू समाज की ओर से प्रतिनिधि ने सिकलिंग को लेकर शिविर लगाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सिकलिंग के त्वरित जाँच के लिए जल्द ही अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध करायी जाएगी। साहू समाज के प्रतिनिधि की ओर से डोंगरगांव में सामुदायिक भवन में डोम निर्माण माँग की गई। इस पर मुख्यमंत्री ने ज़िला कलेक्टर को 20 लाख स्वीकृति का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री से सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने अधूरे सामुदायिक भवन के निर्माण को पूरा करने के लिए राशि की माँग की। इस पर मुख्यमंत्री ने 5 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। दिगम्बर जैन समाज ने डोंगरगाँव में नवनिर्मित अस्पताल का नामकरण भगवान महावीर के नाम पर करने की माँग की। मुख्यमंत्री ने इसमें सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव बनाने की बात कही। पारधी समाज के प्रतिनिधि ने जाति प्रमाण-पत्र बनने की समस्या बतायी। उन्होंने अनुसूचित जनजाति के तौर पर जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस पर छत्तीसगढ़ में पारधी जाति को अनुसूचित जनजाति के तौर लाभ देने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से रामाटोला निवासी श्रीमती रमा वर्मा ने बताया कि उनकी बेटी मुम्बई में पढ़ती हैं, उनकी पढ़ाई के लिए दो लाख रुपये अनुदान की माँग की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने श्रीमती वर्मा की माँग पर अनुदान राशि की स्वीकृति दी। डोंगरगाँव में ब्राम्हण समाज भवन के बाउंड्रीवाल की माँग की। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने ज़मीन की माँग की। मुख्यमंत्री ने आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए जमीन आबंटन करवाने की बात कही। ठेठवार समाज ने सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए राशि की माँग पर मुख्यमंत्री ने सहमति जतायी। डोंगरगाँव में निवास करने वाले सफाई कामगारों ने बताया कि 8-9 परिवार के लोगों तीन पीढ़ी से यहाँ रह रहे हैं। उन्हें पट्टा नहीं मिल रहा है।

## सबको न्यायपूर्ण आरक्षण मिलेगाः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डोंगरगांव नगर में आयोजित सामाजिक अधिकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने हमें संविधान के माध्यम से अधिकार दिए हैं। सबको शिक्षा, रोजगार आदि का अधिकार मिले, इस पर हम कार्य कर रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में लोगों को आरक्षण का लाभ मिलता है।

निजीकरण किए जाने से इसके लाभ से बहुसंख्यक लोग वंचित रह जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको न्यायपूर्ण आरक्षण मिलेगा। आरक्षण के संबंध में एक और 2 दिसम्बर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है।



मुख्यमंत्री ने शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव में डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के लिए किए जा रहे कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए आभार जताया। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्पगुच्छ और गमछा भेंटकर किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती-किसानी का इतना सारा काम है फिर भी आप लोगों ने समय निकाला है। आप लोग मेहनतकश हैं। जब श्रम का सम्मान होता है, देश उन्नति करता है। उन्होंने कहा कि यहां आने का उद्देश्य आपसे मिलना है, दुख-सुख साझा करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार श्रम का सम्मान करती है। प्रदेश में किसान का सबसे बड़ा वर्ग है और वह ऋण मुक्त है। उन्होंने कहा कि किसान पहले कर्जा लेकर दिवाली मनाते थे, अब किसानों के खाते में त्वरित पैसा जा रहा है। पहले डेयरी चलाना मुश्किल हो गया था, अब गोधन न्याय योजना से गोपालकों को संबल मिला है। मेहनतकश समाज उठ खड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राजनांदगांव में कोदो-कुटकी का उत्पादन होता है।

हमने इसे खरीदना शुरू किया। राज्य में 65 प्रकार के लघु वनोपज का संग्रहण कर रहे हैं। हमारी सरकार लोगों के वास्तविक सरोकार से जुड़ी हैं। हमने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो। प्रदेश में संचालित गौठानों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क आरंभ किए गए हैं। इससे गांव के युवाओं के लिए उद्यम का रास्ता खुल गया है। गांव में इस तरह से रोजगार सृजन देश में पहली बार हो रहा है।

### जिले में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव विनय कुमार कश्यप के निर्देशन में जिले में नेशनल लोक अदालत का वर्चुअल और वास्तविक उपस्थिति मोड में आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष विनय कुमार कश्यप के नेतृत्व में लोक अदालत के आयोजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।







# नेशनल लोक अदालत में एक हुए बिछड़ते परिवार, हितग्राहियों को मिले करोड़ों के क्लेम

## एक लाख से भी अधिक मामलों का हुआ निराकरण

**रायपुर (ए)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 12 नवंबर को छत्तीसगढ़ में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।



राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिंटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस निराकृत किये गये हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी तहसील स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश संतोष शर्मा द्वारा जिला रायपुर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, पक्षकारगण, अधिवक्तागण, बैंक के अधिकारीगण, राजस्व अधिकारी, नगर निगम के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारीगण, उपस्थित रहे। इस बार की नेशनल लोक अदालत भी हाईब्रिड तरीके से आयोजित की गयी, जिसमें पक्षकार भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ वर्चुअल या ऑनलाईन के माध्यम से भी राजीनामा किया गया।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पक्षकारगण तथा सैंकड़ों संख्या में आमजन का नि:शुल्क जांच परीक्षण किया गया।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जिला रायपुर में लोक अदालत के मंच से प्रथम बार असंगठित कर्मकारों का श्रम विभाग के माध्यम से किया गया पंजीयन जिले में पहली बार नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कानूनी जागरूकता और आउटरीच के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिगण अभियान 31 अक्टूबर से 13 नवम्बर 2022 के परिप्रेक्ष्य में श्रम विभाग के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश संतोष शर्मा द्वारा नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिको के लिए विधिक सेवाए )योजना 2015 के अंतर्गत असंगठित कर्मकार अंतर्गत पंजीयन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अपने आप में जिले का प्रथम प्रयास है, जिसके तहत असंगठित कर्मकारों को नालसा की योजना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। यह अपने आप में एक मील का पत्थर साबित हुआ है कि, नेशनल लोक अदालत के दिन 510 असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों का पंजीयन सुनिश्चित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण किया।

### बुढ़ी मॉ को जिला न्याय पालिका के मुखिया जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा ने दिया न्याय का सहारा

जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा की खण्डपीठ ने कुथरेल निवासी गीता बंजारे को उनके पति की मोटर दुर्घटना में हुए मृत्यु के कारण अनावेदक अर्जुन निषाद से राजीनामा कराकर 14.80,000/- रूपये प्रदान कराया गया इसी तरह अन्य दावा प्रकरण में ग्राम बासीन निवासी मन्नू लाल कोसरे को उनकी पत्नी नंदनी की मोटर दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण से अनावेदक भरत साहू से 3,60,000/- रूपये में राजीनामा कराया। एक अन्य प्रकरण में आवेदक भानुप्रताप वर्मा का कार चालक राकेश कुमार द्वारा दुर्घटना कारित किया गया था जिसमे आवेदक को 1,50,000/-रूपये में राजीनामा कराया गया।

### ब्रेन कैंसर से पीड़ित जिसके संबंध में चिकित्सकों ने भी जवाब दे दिया है, मोबाईल वेन के माध्यम से पीड़िता ने किया राजीनामा

शाश्वत दुबे न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर के खण्डपीठ में ब्रेन केंसर से ग्रसित पीड़ित ने मृत्यु शैय्या पर होने के पश्चात भी अपने स्वच्छ मन एवं बड़े हृदय से आरोपी को माफकिया। विदित है कि, मारपीट का एक प्रकरण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर साक्षी ध्रुव के न्यायालय में लंबित था जिसमें पीड़िता को ब्रेन केंसर जैसे लाईलाज बीमारी से ग्रसित है जिसमें चिकित्सकों ने उसके बचने का नाम मात्र उम्मीद व्यक्त किया है। पीड़िता का मामला धारा 294, 323 भा.द.सं. का न्यायालय में लंबित था । पीड़िता न्यायालय में आने में असमर्थ थी तब न्यायालय ने विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा मोबाईल वेन के माध्यम से न्याय तुंहर द्वार पहुंचाया, जहां पर पीड़िता ने बोला कि, मेरे जीवन का अंत होने वाला है, परंतु लोक अदालत न्याय का एक प्रतीक है और मैं समाज के लिए इस दुनिया से जाने से पहले एक उदाहरण लोक अदालत के माध्यम से देना चाहती हूं कि, मनमुटाव को भूलाकर लोक अदालत के माध्यम से माफकर न्याय का धर्म निभाने से मन को अपार सुकुन मिलता है।

## खास खबर

### बाल दिवस समारोह 14 नवम्बर को राजधानी रायपुर में

**रायपुर।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की जंयती 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनायी जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे बाल दिवस समारोह का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम करेंगे और संसदीय सचिव द्वय द्वारिकाधीश यादव और विकास उपाध्याय, महापौर नगर पालिक निगम रायपुर एजाज ढेबर, विधायक सत्यनारायण शर्मा और कुलदीप जुनेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने बताया कि बाल दिवस समारोह का संचालक स्कूल बच्चों द्वारा किया जाएगा। बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्र के बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले बच्चों का सम्मान होगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी भी लगायी जाएंगी। प्रदर्शनी में बालवाड़ी के माध्यम से बच्चों का सीखना, बहुमुखी प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा प्रस्तुतिकरण, विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, बच्चों द्वारा कुशल वाचन मौखिक गणित का प्रदर्शन, खिलौनों से सीखना अंगना में शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार सामग्री का प्रदर्शन, विभिन्न कौशल में दक्ष कुशल बच्चों का प्रस्तुतिकरण, गणित एवं विज्ञान क्लब के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम स्कूलों के बच्चों द्वारा स्कूल में की जा रही गतिविधियों का प्रदर्शन, शारीरिक विकास आत्मरक्षा के लिए बालिकाओं का प्रदर्शन, स्थानीय भाषा में शिक्षा एवं संविधान से परिचय आदि विषयों के लगभग एक दर्जन स्टॉल लगाये जाएंगे। इन स्टॉलों का नेतृत्व भी बच्चों द्वारा किया जाएगा।

### माता-पिता व गुरुओं के सम्मान से बढ़ती है आयु- पं. प्रदीप मिश्रा

**रायपुर।** राजधानी के गुढ़ियारी में शिव महापुराण कथा का आयोजन जारी है। वहीं कथावचक पं. प्रदीप मिश्रा अपने वचनों से भक्तों में आस्था का रस घोल रहे हैं, वहीं भक्त भी बहुत चाव से उन्हें सुनने पधार रहे हैं। शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन पं. प्रदीप मिश्रा ने मनुष्य को एक-दूसरे के प्रति प्रेम व सम्मान के भाव को रखने की बात कही। उन्होंने कहा माता-पिता का सम्मान व गुरूओं के आदर से ही हम जीवन में बेहतर मनुष्य साबित हो सकते हैं। उन्होंने अपने कथा में कहा कि- लोग अपने हिसाब से जीवन जी रहे हैं। एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। अपने कर्म के लिखे को भोलेनाथ की पूजा करके हटाने का प्रयास करना चाहिए न कि एक-दूसरे को नीचा दिखाने और हराने का कार्य करना चाहिए। यह बातें गुढ़ियारी में आयोजित शिव महापुराण में सीहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा ने कही। कथावाचक ने कहा कि माता-पिता, गुरु के सामने और मंदिर में सिर झुकाने से आयु बढ़ती है। घर-घर में पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर कहा कि अपने बच्चों को सनातनी संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा दें, मर्यादाओं का पालन करना, बुजुर्गों का सम्मान करना, धर्म के दिखाए मार्ग पर चलने से ही पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोका जा सकता है। बच्चे चाहे अंग्रेजी पढ़ें या विदेश जाएं, इसमें बुराई नहीं है, लेकिन अपनी संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को न छोड़ें।

### ठंड की दस्तक देगी उत्तर से आ रही हवा, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**रायपुर।** प्रदेश में उत्तर से शुष्क व ठंडी हवा आ रही है। इसके प्रभाव से अब पारा गिरना शुरू होगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अगले तीन दिनों में तीन डिग्री सेल्सियस तक न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। शुक्रवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान में गिरावट की वजह से ठंड में बढ़ोतरी रही। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही आउटर क्षेत्रों में भी ठंड बढ़ी। सुबह-सुबह और रात में ठंड का प्रभाव भी दिखने लगा है। ठंड बढ़ते ही अब लोगों के घरों में गर्म कपड़े भी बाहर निकलने लगे है। प्रदेश भर में कृषि विज्ञान केंद्र नारायणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रायपुर का न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा।

# नाला बंधान और नरवा विकास के कामों में लाये तेजी: कलेक्टर डॉ. भुरे

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.ओ. आकाश छिकारा सहित सभी जनपदों के सी.ई.ओ. और विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने के लिए नालों को बांधने जैसे कामों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने आर.ई.एस. विभाग के अधिकारियों को इन कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सख्त निर्देशित किया कि लक्ष्य निर्धारित कर समयावधि में नाला बंधान के कामों को पूरा कर लिया जाए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने इन कामों में धीमी प्रगति वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने नालों को बांधकर भूजल स्तर सुधारने और जल संरक्षण के कामों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश जिला पंचायत सी.ई.ओ. को दिए। डॉ. भुरे ने नरवा विकास के कामों को जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हर नाले के लिए विस्तृत सर्वेक्षण कर स्थिति अनुसार जगहें और उपयुक्त संरचानाएं बनाने का चिन्हांकन भी करने को कहा। कलेक्टर ने नालों पर बनी पुरानी संरचनाओं की आवश्यकता अनुसार मरम्मत के प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने बैठक में चालू रबी सीजन में लगने वाली फसलों में गौठानों में बनी वर्मी कम्पोस्ट का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में बनी वर्मी कम्पोस्ट का अगले दस दिनों में अधिक से अधिक उठाव सुनिश्चित कराने को भी कहा। वर्मी कम्पोस्ट बनाने और उसके उठाव के लिए डॉ. भुरे ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, वन आदि विभागों को आपसी समन्वय कर परिणाम मूलक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सक्रिय सभी गौठानों में गोबर खरीदी शुरू कराने को भी कहा। कलेक्टर ने गौठानों को आजिविका केन्द्रों के रूप में स्थापित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थायें करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन गौठानों को अगले महीने के अंत तक अनिवार्यता पूरा करने को कहा। कम गोबर खरीदी करने वाले गौठानों की समितियों को सक्रिय करने के भी निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।

इन योजनाओं की हुई समीक्षा- बैठक में कलेक्टर ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, गौधन न्याय योजना, आजिविका मिशन, रूर्बन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित राष्ट्रीय ग्राम स्वजन अभियान जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई।

# सुबह मुस्कुरा कर उठें, आप 24 घंटे चार्ज रहेंगे : ललितप्रभ महाराज

**रायपुर (ए)।** संत ललितप्रभ महाराज ने कहा कि हर सुबह की शुरुआत मुस्कुराते हुए करें। अगर हम मुर्दे मन के साथ सुबह की शुरुआत करेंगे तो पूरा दिन बेकार चला जाएगा। हम सुबह उठकर यह तो देखते हैं कि मोबाइल चार्ज है या नहीं, पर यह नहीं देखते कि जिंदगी चार्ज है या नहीं। जिंदगी में उतार-चढ़ाव आना पार्ट ऑफ लाइफ है, पर उसका मुस्कुराते हुए स्वागत करना ही आर्ट ऑफ लाइफ है। आखिर, दूध फटने पर वे ही लोग उदास होते हैं जिन्हें रसगुल्ले बनाने नहीं आते हैं। उदास लोगों पर व्यंग करते हुए संतप्रवर ने कहा कि अगर गधा मुस्कुराता हुआ दिखे तो समझ लेना चाहिए कि वह इंसान बनने वाला है, पर अगर इंसान मुरझाया हुआ दिखे तो समझ लेना चाहिए कि...? संत प्रवर शनिवार को जैनम मानस समिति द्वारा एयरपोर्ट रोड स्थित जैन मानस भवन में आयोजित प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भाई बहनों को संबोधित कर रहे थे। संतप्रवर ने कहा कि जिंदगी की कीमत क्या है यह सम्राट सिकंदर से पूछिए जो अपने अंतिम समय में 1 घंटे की जिंदगी पाने के लिए पूरा साम्राज्य देने को तैयार हो गया था। हम पैसे से बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं, पर सब कुछ नहीं। संतप्रवर ने आध्यात्मिक प्रेरणा देते हुए कहा केवल उस शरीर को मत सजाओ जिसे एक दिन मिट्टी में मिल जाना है वरन उस आत्मा को सजाओ जिसे एक दिन परमात्मा के पास जाना है। पर्सनलिटी डेवलपमेंट के लिए हम स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। कहीं ऐसा न हो कि पहले पैसा पाने के लिए स्वास्थ्य को दाँव पर लगाएं, फिर स्वास्थ्य को पाने के लिए पैसे को दांव पर लगाना पड़े। हम संयमित खाएं, औरों को खिलाकर खाएं, पहनावा शालीन रखें, कार्य के प्रति ईमानदार रहें, किसी से स्वार्थ का रिश्ता न जोड़ें, दिन में एक बार घर के सभी सदस्य साथ में भोजन करें, जरूरतमंद के काम आएं और समय पर घर पहुंचें ताकि पत्नी ठंडी और भोजन गर्म मिल सके अन्यथा पत्नी का मिज़ाज गर्म और भोजन ठंडा मिलेगा।



# छत्तीसगढ़ सरकार और आईसीसीआर के समझौते से संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में खुलेंगी नई संभावनाएं: मंत्री अमरजीत भगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के मध्य समझौते से राज्य में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत की उपस्थिति में कल नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ सरकार और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद आईसीसीआर के मध्य समझौता हुआ।



छत्तीसगढ़ सरकार और आईसीसीआर के बीच हुए इस समझौते का मुख्य उद्देश्य आईसीसीआर और राज्य सरकार की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में संस्कृति और पर्यटन विषयक सुविधाओं के विकास एवं विस्तार सुदृढ़ अधोसंरचनाओं के निर्माण के साथ ही अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को विकसित करना है।

इस समझौते से विभिन्न देशों के प्रतिभागी कलाकारों की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक और पर्यटन से जुड़े कार्यक्रमों हो सकेगी। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य के कला समूहों की प्रदर्शनी, कला शिविरों, संगोष्ठी, सम्मेलन प्रदर्शनकारी कलाओं की कार्यशाला आदि का आयोजन विदेशों में आयोजित हो सकेंगे, इससे छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव के दौरान विदेशों से आए नर्तक दलों को यहां आमंत्रित करने एवं आयोजन उपरांत उन्हें ससम्मान उनके देश वापसी करने में आईसीसीआर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

















# टाइगर 3 में नजर आ सकती हैं अभिनेत्री रिद्धि डोगरा



अभिनेता सलमान खान अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर लोगों की जुबां पर है। यह फिल्म अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यशराज फिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया गया है। अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री रिद्धि डोगरा इस फिल्म में नजर आएंगी। वह अहम भूमिका में पर्दे पर दिख सकती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री रिद्धि टाइगर 3 का हिस्सा बन गई हैं। एक सूत्र ने कहा, फिल्म टाइगर 3 की स्टारकास्ट काफी दमदार है। सलमान-कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के अलावा टाइगर 3 में अभिनेत्री रिद्धि डोगरा भी शामिल होंगी। उन्होंने बीते समय में टेलीविजन के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी बेहतरीन काम किया है। फिलहाल रिद्धि के किरदार से जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

रिद्धि को हाल में वेब सीरीज असुर में देखा गया था। इसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता अरशद वारसी नजर आए थे। आखिरी बार वह द मैरिड वुमन में अभिनय करती हुई दिखी थीं। उन्होंने मर्यादा: लेकिन कब तक?, सावित्री, लागी तुझसे लगन और वो अपना सा जैसे शोज में काम किया है। टाइगर 3 उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि बड़े पर्दे पर इस अभिनेत्री की शुरुआत कैसी रहती है।

रिद्धि, बिग बॉस 15 फेम राकेश बापट की पूर्व पत्नी हैं। मर्यादा: लेकिन कब तक? में इन दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों में प्रेम-प्रसंग शुरू हुआ। फिर 2011 में राकेश और रिद्धि ने सात फेरे लिए। हालांकि, यह शादी अधिक दिनों तक नहीं चली। करीब सात साल साथ रहने के बाद इन दोनों ने 2019 में अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए। इस कपल का अब तलाक हो चुका है।

टाइगर 3 में एक बार फिर सलमान और कैटरीना नजर आने वाले हैं। सलमान इस फिल्म में रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, कैटरीना को फिल्म में फिर से जोया की भूमिका में देखा जाएगा। इन दोनों को 2019 में रिलीज हुई फिल्म भारत में भी एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी विलेन की भूमिका निभा रहे हैं। इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।

टाइगर फ्रेंचाइजी की बात करें तो फिल्म एक था टाइगर इसका पहला भाग था, जो 2012 में कबीर खान के निर्देशन में रिलीज हुआ था। इसकी सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है 2017 में रिलीज की गई थी। इसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था।

## शॉर्ट स्कर्ट के साथ कलरफुल बूट्स पहनकर दिखाया ग्लैमरस लुक



पंजाबी सिंगर नेहा भसीन आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस को अपना कायल कर देती हैं। नेहा सोशल मीडिया लवर हैं और हमेशा अपनी हॉट तस्वीरों से इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। नेहा भसीन ने हाल ही में लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो ब्लू कलर की शॉर्ट स्कर्ट पहने हुए दिखाई दे रही हैं। पंजाबी सिंगर नेहा भसीन ने अपने बोल्ड लुक्स से फैंस को इस कदर अपना दीवाना बनाया है कि फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। ओपन हेयर, लाइट मेकअप और कलरफुल बूट्स पहन कर नेहा भसीन ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में नेहा भसीन सेक्सी लुक्स में पोज देते हुए फैंस को अपना कायल कर रही हैं। फैंस भी नेहा की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। एक से बढ़कर एक पोज में नेहा भसीन ने हॉट फोटोज शेयर कर के इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। नेहा भसीन सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। और साथ ही इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग भी रखती हैं। नेहा भसीन पैपराजी की भी फेवरेट हैं। वो कहीं पर भी जाती हैं तो पैपराजी उन्हें हमेशा अपने कैमरे में कैद कर लेते हैं।

## प्यार का पहला नाम के लिए कीर्ति नागपुरे ने एक दिन में सीखा तांडव

टीवी अभिनेत्री कीर्ति नागपुरे, जो वर्तमान में शो प्यार का पहला नाम राधा मोहन में नजर आ रही हैं, ने शो में एक सीक्वेंस के लिए तांडव सीखने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, मैंने अपने जीवन में पहली बार तांडव किया है। पहले तो जब मुझे इस सीन के बारे में पता चला तो मैं बहुत नर्वस थी क्योंकि मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। हम सभी जानते हैं कि यह सबसे कठिन नृत्य रूपों में से एक है और इसे करने के लिए वर्षों का अभ्यास करना पड़ता है।

कीर्ति को देश की बेटी नंदिनी और परिचय शो में भी देखा गया था। हालांकि, उन्होंने यह नृत्य रूप कभी नहीं सीखा जो भगवान शिव से जुड़ा है और इसके लिए बहुत अधिक ऊर्जा और शक्ति की जरूरत होती है।

वह बताती हैं कि कैसे उन्होंने कम समय में ये कला सीखी। मेरे पास इसका पूर्वाभ्यास करने के लिए केवल एक दिन था, इसलिए मैंने अपना सौ प्रतिशत देने और जितना हो सके सीखने का फैसला किया। किसी तरह, मैं प्रदर्शन देने में कामयाब रही और मुझे कहना होगा, इस नृत्य रूप की आवश्यकता है ताकत, संतुलन, और भावनाओं का उच्च स्तर। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि दर्शकों को मेरा प्रदर्शन पसंद आएगा। यह शो मोहन (शब्बीर अहलूवालिया) और राधा (निहारिका रॉय) की प्रेम कहानी पर केंद्रित है। प्यार का पहला नाम राधा मोहन जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## रथ साची प्रख्यात लेखक जयमोहन की कैथीगल पर आधारित फिल्म है

प्रख्यात लेखक जयमोहन की कहानी कैथीगल को अब रथ साची नाम की फिल्म में रूपांतरित किया जा रहा है। रफीक इस्माइल द्वारा निर्देशित इस फिल्म को अहा तमिल और मजीज मंदराम प्रोड्यूस कर रहे हैं। प्रख्यात लेखक जयमोहन को वेंधु थानिंधथु काडू जैसी फिल्मों की कहानी लिखने और कल्कि की साहित्यिक क्लासिक पोन्नियिन सेलवन के स्क्रीन रूपांतरण के लिए संवादों को लिखने के लिए जाना जाता है। जयमोहन के अनुसार, रथ साची के निर्माण के पीछे की कहानी एक और फिल्म का विषय बनने योग्य है। रफीक इस्माइल नाम के एक निर्देशक ने मुझसे संपर्क किया और कैथिगल को एक फिल्म बनाने की अनुमति मांगी। ऐसा होने के तीन महीने के भीतर, इक्का-दुक्का निर्देशक मणिरत्नम ने इस कहानी को पर्दे के लिए अपनाने पर विचार किया। बाद में, प्रसिद्ध निर्देशक वेत्रिमारन ने भी कहानी के अधिकार हासिल करने के लिए मुझसे संपर्क किया। मैंने उन्हें बताया कि कहानी पहले ही रफीक को दी जा चुकी है। फिल्म के लिए संगीत जावेद रियाज द्वारा तैयार किया जाना है और छायांकन जगदीश रवि द्वारा किया जाएगा। कहानी उस मानवता के लिए एक वसीयतनामा है जो सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद है और यह दो व्यक्तियों के जीवन को कैसे प्रभावित करती है। फिल्म में अभिनेता कन्ना रवि, हरीश कुमार, एलंगो कुमारवेल, कल्याण मास्टर और मद्रास चार्ल्स शामिल हैं। अनीता महेंद्रन द्वारा निर्मित इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा तमिल जल्द ही स्ट्रीम करेगा।

## ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में दीपिका के नाम पर लगी मुहर, बनेंगी रणबीर की मां

ब्रह्मास्त्र सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी प्लेटफार्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर भी रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के एक सीन में दीपिका पादुकोण की झलक साफ दिखाई पड़ती है, जिसे देख प्रशंसक खुशी के मारे उछलने लगे हैं। उन्हें यकीन हो चुका है कि दीपिका अगले भाग में होंगी और रणबीर कपूर की मां का अमृता का किरदार निभाएंगी। आइए जानते हैं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस सीन पर क्या चर्चा हो रही है। फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब उसमें अमृता की हल्की झलक दिखाई दी थी, जिसके बाद लोग अंदाजा लगा रहे थे कि यह दीपिका हैं। फिल्म की ओटीटी रिलीज ने ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में दीपिका के होने की पुष्टि कर दी है। इसमें दीपिका का एक सीन शामिल हैं, जिसमें वह नन्हे शिवा को गोद में उठाए दिख रही हैं। अयान मुखर्जी ने भी बताया था कि फिल्म के ओटीटी वर्जन में कुछ और दृश्य जोड़े गए हैं। पार्ट 2 की कहानी देव के किरदार के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो शिवा यानी रणबीर के पिता हैं, लेकिन देव होगा कौन, इसे लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। पार्ट 1 में ब्रह्मास्त्र की रक्षा की जिम्मेदारी लेने वाले गुरु अमिताभ बच्चन ने देव-अमृता के बारे में बताया था। तभी से दर्शकों के बीच जिज्ञासा थी कि आखिर अगले भाग में अमृता का किरदार निभाएगा कौन। अब आखिरकार इससे पर्दा हट चुका है।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### डोंगरगढ़ में मनाया गया राष्ट्रीय फाईलेरिया दिवस

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़ के निर्देशन में 11 नवम्बर 2022 को डोंगरगढ़ विकासखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय फाईलेरिया दिवस का आयोजिन किया गया। जिसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय फाईलेरिया दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में फाईलेरिया रोग के बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर 152 फाईलेरिया मरीजों को फाईलेरिया किट टब, मग, टॉवेल, साबुन, दवाई निःशुल्क वितरित किया गया। कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीपी एक्का ने बताया की फाईलेरिया की बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। उन्होंने फाईलेरिया रोग के लक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बीईटीओ श्रीमती सायत्रा गजभिये, बीपीएम सुश्री मुक्ता खुजुर तथा मलेरिया सुपरवाईजर श्रीमती स्वाति बख्शी द्वारा फाईलेरिया रोग के बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाथ पैर या स्तन में सूजन, अण्डकोष में सूजन, कांन-बगल अथवा जांघ के उपरी भार में दर्द युक्त सूजन के लक्षणों के साथ बार-बार ठण्ड के साथ बुखार जैसी शिकायत होने पर तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करवाने तथा हमेशा मच्छरदानी लगाकर सोने की जानकारी दी।

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनरेगा श्रमिकों ने निकाली रैली

**कोरबा।** भारत देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में 6 नवंबर से 12 नवंबर तक मनरेगा के श्रमिकों ने रैली निकाल कर मनरेगा के विषय जन जागरुकता सन्देश दिये। मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा नूतन कुमार कंवर ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया था कि राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ग्राम पंचायतों में जागरूकता सप्ताह मनाया जाये। जिसके तहत ग्रामों में ट्रांजिट वाक, रैली आदि का आयोजन किया जाये।

# 30 साल बाद श्रम निकेतन के सहपाठियों का हुआ पुनर्मिलन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस युग में पुराने सहपाठियों और दोस्तों के संपर्क में रहना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन चिट्ठियों के युग वर्ष 1992 में श्रम निकेतन उच्चतर माध्यमिक शाला जामुल के बारहवीं पासआउट अधिकांश सहपाठी इस कदर बिछड़े कि कुछ वर्षों बाद जन्मे मोबाईलाइजेशन को भी इन्हें जोड़ने में तकरीबन ढाई दशक का लम्बा वक्त लग गया।**



कोई भिलाई से वेल्लुर के सीएमसी तो कोई भोपाल, जबलपुर, नागपुर, मुम्बई यहां तक कि दुबई तक अपना भविष्य संवारने निकल गया और जो छत्तीसगढ़ के दीगर क्षेत्रों में परिवार सहित चले गए उनको भी ढूंढ निकालना आसान नहीं था। पहले कुछ साथियों को किस्मत ने मिलाया तो उनके प्रयास धीरे धीरे जंजीर की कड़ियाँ जोड़ने में जुटे और चंद महीने के भीतर ही लगभग 50 साथियों का एक ग्रुप आखिर बन ही गया।

उस समय के अपने शिक्षकों को भी खोज निकालना 45 से 50 की उम्र में सुई में धागा पिरोने जैसा ही था। लेकिन यह प्रयास भी रंग लाया नतीजतन भौतिक के गुरु अजय शर्मा, रसायन के चौधरी सर, हिन्दी श्रीमती कमला तिवारी मैम, श्रीमती सुधा बघेल मैम, श्रीवास्तव सर, पूरन सर से सम्पर्क होने पर 1992 बैच का रीयूनियन 12 नवंबर को स्कूल परिसर और फिर चिखली के एक रेसार्ट में सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 30 सहपाठी और उनके रिटायर्ड टीचर्स शामिल हुए और उस समय की अपनी यादों और भविष्य को लेकर स्कूल बाद किए परिश्रम और समाज में खुद को स्थापित करने के संघर्ष को साझा किया गया। सभी विद्यार्थियों ने उस समय गुरूजनों द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा से भविष्य को गढ़ने जो मजबूत आधार दिया, इसके लिए सभी गुरूजनों का चरण स्पर्श कर आशीष का संबल भी इस कार्यक्रम में हासिल कर सभी अभिभूत हुए। इस एल्युमिनाई मीट में वर्षों पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिला तो एक-दूसरे के साथ बिताए पलों को याद करके सभी भावुक हो गए। एक-दूसरे से उसी गर्मजोशी से मिले जैसे पढ़ाई के दौरान मिलते थे। इस दौरान पूर्व छात्रों ने सभी अपने और वर्तमान में पदस्थ प्राचार्य श्री चौबे सर सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से अनुभव को श्रम निकेतन उच्चतर माध्यमिक शाला में साझा किया। मीट में सभी पूर्व छात्र बारी-बारी मंच पर आए और विद्यालय छोड़ने के बाद के अपने संघर्ष और उपलब्धियां बताईं।

कोई सेना में अधिकारी बन चुका है तो कोई बड़ा बिजनेसमैन, कोई चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा तो कोई पत्रकारिता में अपनी लेखनी से समाज को दिशा दे रहा है। स्कूल से पासआउट हर छात्र ने यही कहा कि वह अपने फील्ड में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर देश को विश्व गुरु बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस दौरान कुछ ने गाना गाकर दोस्तों को झूमने पर मजबूर किया तो कुछ ग्रुप बनाकर सेल्फी लेकर यादों को संजोते रहे। इस दौरान संस्कार और संयुक्त परिवार विषय पर परिचर्चा सहित अनेक सांस्कृतिक आयोजनों में सभी ने शिरकत की। बातचीत में इन लोगों ने बताया कि जब वे यहां पढ़ते थे तब विद्यालय में आज के जैसे संसाधन नहीं थे।

# नेशनल लोक अदालतः 5000 से अधिक प्रकरणों की हुई लोक अदालत में सुनवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति अरुप कुमार गोस्वामी, न्यायमूर्ति गौतम भादुडी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायाधीश कोरबा श्री डीएल कटकवार के निर्देश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में कोरबा में 12 नवंबर 2022 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।**




जिले में तालुका स्तर पर तालुका कटघोरा, करतला एवं पाली सहित संपूर्ण जिले में सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें राजीनामा योग आपसी समझौते एवं सुलह के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत किए जाने का प्रयास किया गया। जिले में स्थित जिला न्यायालय में विभिन्न दांडीक चेक बाउंस अपराधिक प्रकरण छोटे मामले पुलिस चालान एवं सिविल प्रकृति के 5000 लंबित प्रकरणों कि आज सुनवाई की गई। जिसमें कोर्ट में लंबित प्रकरणों में 500 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। एवं प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों 2566 से अधिक प्रकरणों को चिन्हित किया गया था। जिसमें बिजली बिल किराया संबंधित संपत्ति कर नामंत्रण इत्यादि के सभी प्रकार संबंधित है। प्री लिटिगेशन के 100 एवं कोर्ट में लंबित 500 से अधिक प्रकरणों के निराकरण किए जाने की संभावना है।

*बेसहारा महिला एवं बच्चों का सहारा बना नेशनल लोक अदालत* : जिला सत्र न्यायालय में लंबित प्रकरण में वृद्ध आवेदिका के मृतक पुत्र की मृत्यु 2018 में सडक दुर्घटना में हो गई थी, जिससे मृतक की आवेदिका वृद्ध माता एवं मृतक के नाबालिक बच्चो के भविष्य पर अंधकार छा गया था, ऐसे में आवेदिका एवं मृतक की आवेदिका माता एवं नाबालिक बच्चों के द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष क्षतिपूर्ति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किए, उक्त प्रकरण में हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में संयुक्त रूप से समझौता कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उनके द्वारा 13,00,000/- रूपये (तेरह लाख रूपये) बिना किसी डर-दबाव के राजीनामा किया। इस प्रकार बेसहारा मृतक के आवेदिका वृद्ध माता एवं मृतक के नाबलिग बच्चों को जीवन जीने का एक सहारा नेशनल लोक अदालत ने प्रदान किया।

वृद्ध दंपती को 17 वर्ष पश्चात लोक अदालत के माध्यम से मिला पुनः दांपत्यः आज के वर्तमान परिवेश में दाम्पत्य जीवन की डोर कमजोर हो चली है, वृद्ध प्रतिवादी के द्वारा अपने बुढापे में सहारे की खोज में प्रतिवादिनी से चूडी विवाह किया। जिससे उनको एक पुत्री की प्राप्ती हुई। शादी के पश्चात् प्रतिवादिनी के द्वारा आवेदक को उसके वृद्धावस्था, शारीरिक अस्वस्थता को लेकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताडित करने लगी। तथा वद्ध आवेदक की नौकरी हडप लेने की धमकी देने लगी तथा घर छोडकर अपनी पुत्री के साथ अपने मायके चली आई। ऐसे में आवेदक के द्वारा माननीय न्यायालय में प्रविवादिनी के साथ विवाह को विच्छेदित करने हेतु धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत वाद पेश किया। आज आयोजित हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में माननीय न्यायालय के द्वारा प्रतिवादी एवं प्रतिवादिनी को साथ रह कर आपसी सामंजस्य के साथ जीवन जीने की समझाईश दी गई।

## हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में गांधी जी के विचारों पर केन्द्रित सर्टिफिकेट कोर्स में 56 प्रतिभागी परीक्षा में सफल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में गांधी जी के विचारों पर केन्द्रित सर्टिफिक्ेट कोर्स में 56 प्रतिभागी लिखित परीक्षा, प्रोजेक्ट निर्माण एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण परीक्षा के पश्चात् विष्वविद्यालय द्वारा सर्टिफिक्ेट हेतु पात्र घोषित किये गये हैं। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं कोर्स समन्वयक, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस कोर्स में 69 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 75 प्रतिषत् से कम उपस्थिति तथा प्रोजेक्ट न जमा करने के कारण 13 प्रतिभागी सर्टिफिक्ेट प्राप्त करने से वंचित रह गयें।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात् आज विष्वविद्यालय परिसर स्थित टैगोर हॉल एवं लाइब्रेरी हॉल में आयोजित मौखिक पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण में 56 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों के मूल्यांकन हेतु विषय विषेषज्ञ के रूप में सेठ आर.सी. एस. कॉलेज, दुर्ग के सेवा निवृत्त प्राचार्य, डॉ. डी. आर. भवनानी, तथा कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर के सेवा निवृत्त प्राध्यापक, डॉ. पी. के. श्रीवास्तव, उपस्थित थें। उपरोक्त दोनों परीक्षकों ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण को उच्च स्तरीय बताते हुए कहा कि विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे लघु अवधि के सर्टिफिक्ेट पाठ्यक्रमों में हिस्सा लेने से प्रतिभागियों के अकादमिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। इसके लिए विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं विष्वविद्यालय प्रषासन बधाई का पात्र है। इस सर्टिफिक्ेट कोर्स में छः महाविद्यालय के प्राचार्य तथा 75 वर्षीय सेवा निवृत्त अधिकारी भी प्रतिभागी के रूप में शामिल थें।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार गांधी जी के विचारों पर केन्द्रित एक माह का सर्टिफिक्ेट कोर्स 02 अक्टूबर से आरंभ हुआ था। तथा कोर्स के दौरान भारत के विभिन्न प्रांतों के गांधीवादी विचारकों एवं प्राध्यापकों जैसे- डॉ. प्रेम आनंद मिश्रा, श्री किरण देसाई, डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, श्रीमती रजनी बख्सी, डॉ. उषा किरण अग्रवाल, डॉ. सूर्यप्रकाष पांडे, श्री विनोद साव, आदि के ऑनलाईन आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किये गये जिसकी सभी प्रतिभागियों ने भूरी-भूरी प्रषंसा कीं। प्रतिभागियों को विष्वविद्यालय द्वारा अगामी सप्ताह में आयोजित किये है।

# हमेशा हर व्यक्ति को अच्छी चीजें, अच्छे साहित्य एवं धार्मिक ग्रंथों को पढ़ना चाहिए : आचार्य डॉ. विक्रांत दुबे महाराज

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें आज चौथे दिवस धर्मप्रेमियों की संख्या अधिक रही, कथा में कथावाचक आचार्य डॉ श्री विक्रांत दुबे जी ने कहा कि पाप आंखों के रास्ते मन में पहुंचता है और मन के बाद मनुष्य कि बुद्धि को भ्रष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा अच्छी चीजें व अच्छे साहित्य धार्मिक ग्रंथ पढ़ना चाहिए, ताकि हमारा मन व बुद्धि स्वच्छ रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों के नामांकरण से पूर्व अच्छी तरह सोच-विचार कर उनका नाम रखना चाहिए, क्योंकि हमारे जीवन में नाम का बहुत प्रभाव पड़ता है। जथा नाम तथा गुणा की कहावत हमेशा चरित्रार्थ होती है.

आचार्य जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग प्रदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया।

समित्ति के सदस्य योगेंद्र शर्मा बंटी ने बताया कि कल दिनाँक 13 नवम्बर को भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया जावेगा, जिसमें छोटे छोटे बच्चों को श्री कृष्ण, राधा, ग्वाले सुदामा का रूप में सजाकर आकर्षित झांकी भी दिखाई जावेगी, एवं श्री कृष्ण जन्म पर बधाई स्वरूप मिठाई, खिलौने का वितरण किया जावेगा..

आज की कथा में श्रीमती तरुण पांडेय, मिथला देवी शर्मा, चन्दा शर्मा, सरिता शर्मा, नीलू पण्डा, चंचल शर्मा, किरण सेन, मोना शर्मा, सुनीता गुप्ता, प्रभा शर्मा, कुलेश्वरी जायसवाल, सरिता वर्मा, माया वर्मा, ललिता सिन्हा, रुकमणी सिन्हा, लक्ष्मी यादव, किरण यादव, गीता गुप्ता, प्रेमलता पाण्डेय, प्रतिभा, सँध्या वर्मा, क्षया वर्मा, सँध्या राजपूत, कुमारी साहू, प्रेमा साहू, एवं भारी मात्रा में आज महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे..

# कलेक्टर झा की पहल : पिछले पांच माह में 65 भू-विस्थापितों को एसईसीएल ने दी नौकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रोजगार के अन्य प्रक्रियाधीन और लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण के लिए एसईसीएल को दिए गए हैं निर्देश**

**प्रशासन के निर्देश पर एसईसीएल के कोरबा, कुसमुंडा, दीपका और गेवरा क्षेत्र के पात्र भू विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही जारी**

**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा के नेतृत्व में जिला प्रशासन एसईसीएल अंतर्गत खदान प्रभावित भू-विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीर है। कलेक्टर श्री झा ने एसईसीएल प्रबंधन को निर्देशित कर रोजगार के प्रकरणों का जल्द निराकरण कर पात्र भू-विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी तारतम्य में जिला प्रशासन की पहल पर एसईसीएल के कोरबा क्षेत्र, कुसमुंडा क्षेत्र, दीपका क्षेत्र और गेवरा क्षेत्र ने रोजगार के लंबित प्रकरणों का निराकरण कर जून 2022 से अब तक 65 भू-विस्थापितों को नौकरी उपलब्ध कराने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किया है। इसी तरह अन्य प्रकरणों पर भू-विस्थापितों को नौकरी दिलाने की दिशा में प्रक्रिया चल रही है। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले ने बताया की एसईसीएल के जिले में संचालित विभिन्न क्षेत्रों के द्वारा भू विस्थापितों को दिए गए नौकरी के संबंध में जिला प्रशासन को जानकारी उपलब्ध कराई गई है। जिसके अनुसार एसईसीएल कोरबा एरिया अंतर्गत संचालित सराईपाली परियोजना के भू विस्थापितों को 18 प्रकरणों में नौकरी दी गई है, जबकि 34 प्रकरणों में नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत रोजगार के लंबित नए प्रकरणों में 23 भू-विस्थापितों को नौकरी दी गई है, जबकि यहां प्रक्रियाधीन प्रकरणों की संख्या 57 है। कुसमुंडा परियोजना में ही रोजगार के पुराने प्रकरणों में 11भू विस्तापितो को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र जारी किया गया है । वही 21भूविस्थापितों को नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही है। एसईसीएल दीपका क्षेत्र अंतर्गत 4 प्रकरणों में भू-विस्थापितों को नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। वही 23 प्रकरणों में भू विस्थापितों को नौकरी देने प्रक्रिया चल रही है। इसी प्रकार एसईसीएल गेवरा क्षेत्र ने प्रशासन को बताया है कि 9 भूविस्थापितों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। जबकि 104 प्रकरणों में नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही है।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे विजयी खिलाड़ियों को सुरगी मे सरपंच आनंद साहू ने किया सम्मानित

**राजनादगांव।** 22 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 9 से 12 नवम्बर 20024 तक डोगरगढ़ में हुआ। जिसमें सूरगी के खिलाडियों ने हिस्सा लिया था। खेल मे सुरगी के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विजयी होकर लौटने पर ग्राम पंचायत सुरगी के सरपंच आनंद साहू ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज हमारे गांव का नाम रोशन हुआ है। आप सभी ने शानदार खेल खेलकर हमारे ग्राम पंचायत सुरगी को गौरवान्वित किया है।
























## खास खबर

### पेड़ पर लटकती मिली प्रेमी जोड़े की सड़ी गली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में प्रेमी जोड़े ने फंसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों की लाशें यहां के जंगल में पेड़ पर लटकती मिली। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। शवों की स्थिति काफी खराब थी। पुलिस ने अनुमान जताया है कि लाशें 8 से 10 दिन पुरानी हो सकती है। फिलहाल शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद सही जानकारी मिल पाएगी। मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा पुलिस को सूचना मिली कि जंगल में पेड़ पर दो शव लटक रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले तो शवों की शिनाख्त शुरू की। पुलिस ने दोनों की पहचान भी कर ली। युवक-युवती नवापारा वार्ड क्रमांक 2 के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे और परिवार वालों इनके रिश्ते सें खुश नहीं थे। दोनों ने करीब 8 से 10 दिन पहले फांसी लगाकर खुदकुशी की थी और इनके शव अब मिले हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### काम से लौट रहे कर्मचारी को हाइड्रा ने कुचला, गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती

**भिलाई।** हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां शनिवार शाम को बड़ा हादसा हो गया। काम से लौट रहे कर्मचारी को हाइड्रा ने बुरी तरह से कुचल दिया। कर्मचारी का हाथ चक्के के नीचे आ गया जिससे दोनों पंजे चकनाचूर हो गए। कर्मचारी को गंभीर हालत में सुपेला शास्त्री अस्पताल लगाया गया। घायल कर्मचारी का का नाम कोमल दास योगी बताया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसे शास्त्री अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले पुलिस कांस्टेबल को एसपी ने किया सस्पेंड

## दूसरे राज्य में रहकर कर रहा था महादेव बुक को ऑपरेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक के तार अब पुलिस से भी जुड़ गए हैं। दुर्ग पुलिस के एक कांस्टेबल को एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने ऑनलाइन सट्टा में संलिप्तता के चलते सस्पेंड कर दिया है। कांस्टेबल सहदेव सन्नी पिछले कई महीनों से ड्यूटी से नदारत है। वह दूसरे राज्य में रहकर महादेव बुक के कारोबार को ऑपरेट कर रहा था। एसपी ने इस मामले की जांच के लिए दो ट्रेनी आईपीएस को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। कांस्टेबल पर लगे सारे आरोप सही पाए जाने पर उसे नौकरी से बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस ने बताया कि सस्पेंड आरक्षक सहदेव महादेव सट्टा चलाने वाले और दुबई में बैठे सन्नी सतनाम से लगातार बातचीत करताथा। सीडीआर डिटेल में इस बात की पुष्टि हो चुकी है। इतना ही नहीं कांस्टेबल सहदेव बिना बताए नदारद है। इस दौरान उसका लोकेशन मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में पाया गया, जहां महादेव ऐप का संचालन में उसकी बड़ी भूमिका सामने आई है।

### दो साल से ड्यूटी से गायब है आरक्षक

दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक सहदेव सबसे पहले स्मृति नगर चौकी में पदस्थ था। यहां 15 अप्रैल 2020 से 17 नवंबर 2020 तक बिना बताए गायब रहा। ये सिलसिला आगे चलता रहा। बाद में इसे लाइन अटैच किया गया। फिर इसकी पदस्थापना कुम्हारी थाने में की गई। यहां 18 अगस्त 2021 से 10 सितंबर 2021, 14 नवंबर 2021 से 20 नवंबर 2021 और फिर 21 नवंबर 2021 से 3 मार्च 2022 तक गायब रहा। मार्च 2022 से अब तक फिर वह बिना किसी सूचना के ड्यूटी से गायब है। आरोपी कांस्टेबल का जब कॉल डिटेल खंगाला गया तो ऑनलाइन सट्टा से जुड़े कई बड़े आरोपियों से संपर्क सामने आया है।

# कुटेला भाटा में केपीएस की बस पलटी कंडक्टर की मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केपीएस कुटेला भाटा के बाद शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां कृष्ण पब्लिक स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में बस कंडक्टर की मौत हो गई। वहीं बस का चालक घायल है घटना की सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय बस में कोई भी छात्र नहीं था। जिसके कारण बड़ा हादसा होते-होते बचा। हालांकि बस पलटने से कंडक्टर मोरध्वज की मौत हो गई वहीं चालक दिनेश घायल है जिसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा पब्लिक स्कूल (केपीएस) सुंदर नगर का स्कूल वाहन बच्चों को छोड़कर शनिवार शाम को वापस स्कूल आ रहा था। वाहन को कुटेलाभाठा निवासी दिनेश कुमार डहरिया (35 साल) चला रहा था। बस में केवल चालक और उसका हेल्पर बजरंगपारा कोहका निवासी मोरदध्वज साहू (45 साल) ही थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चौड़ी रोड होने से ड्राइवर वाहन को काफी तेज चला रहा था। जैसे ही गाड़ी आर्य नगर कोहका के पास पहुंची ड्राइवर गाड़ी का संतुलन खो बैठा। उसने सामने से जा रहे स्कूटी चालक को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी की स्कूटी चालक दूर जा गिरा। स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और चालक का पैर टूट गया। वहीं मिनी बस हवा में लहराते हुए नाले में जा गिरी। इससे हेल्पर मोरध्वज की मौत हो गई। वहीं ड्राइवर दिनेश की हालत गंभीर बनी हुई है।

# प्रेमी से शादी घरवालों को नहीं था मंजूर, छात्रा ने फंदे पर लटककर दे दी जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर चौकी क्षेत्र में पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने खुदकुशी कर ली। शनिवार देर शाम पुलिस को सूचना मिलने में मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें प्रेमी से शादी घरवालों को मंजूर नहीं होने और इसी वजह से खुदकुशी का जिक्र है। पद्मनाभपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पद्मनाभपुर स्थित आदित्य इंटरप्राइजेस के ऊपरी मंजिल में पेइंग गेस्ट के रूप में रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा खुशबू नेताम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। पद्मनाभपुर चौकी पुलिस को इसकी सूचना शनिवार देर शाम लगभग 7 बजे मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पीएम के लिए भेजा। मौका मुआयना करने पर पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। वहीं मृतक छात्रा का मोबाइल भी बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतका के पिता बिजली विभाग में है। मूल रूप से दल्ली राजहरा में रहने वाली छात्रा यहां रहकर प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की तैयारी कर रही थी।

पुलिस ने बताया कि छात्रा ने सुसाइड से पहले एक पत्र छोड़ा है जिसमें प्रेम प्रसंग की बात लिखी हुई है। मिले सुसाइड नोट के अनुसार छात्रा का एक लड़के से प्रेम प्रसंग है और दोनों ने शादी भी कर ली लेकिन उनका यह रिश्ता परिजनों को मंजूर नहीं था। इस वजह से उसने आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच कराएगी। वहीं घटना की सूचना के बाद परिजन भी दुर्ग पहुंच चुके हैं। रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# भिलाई में पीडब्लूडी के ठेकेदार के घर लाखों की चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आनंद विहार दाउबाडा तालाब के पास राधिका नगर सुपेला निवासी पीडब्लूडी के ठेकेदार दिनेश सिंह के घर पर बड़ी चोरी हो गई है। दिनेश सिंह बेटे को दिल्ली छोड़ने परिवार के साथ गया हुआ था और जब वह वापस लौटा तो दरवाले का लॉक टूटा हुआ था। घर में जब पहुंचे तो अलमारी के कपड़े बिखरे थे और लॉकर भी टूटा था। चोरों ने लॉकर से नगदी सहित सोने चांदी के जेवर पार कर दिए। इस मामले में दिनेश सिंह की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार दिनेश सिंह परिवार के साथ 2 नवंबर को दिल्ली रवाना हुआ था। बेटे को छोड़ने के बाद शनिवार की सुबह वे अपने घर लौटे। घर पहुंचे तो देखा कि घर के सामने का ताला टूटा हुआ था और खिडकी भी टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा कि आलमारी के लाकर भी टूटे हुये थे। वहीं कमरे में पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने दरवाजे का लॉक तोड़ने के लिए दरवाजे का एक हिस्सा ही तोड़ दिया था।

जांच करने पर आलमारी के लाकर मे रखे सामान 06 नग सोने की अंगूठी, 02 जोडी सोने की कान की कनौती, 03 जोडी सोने का कान का टाप्स , 02 नग सोने का चैन, 01 नग सुई धागा वाला सोने का टाप्स, 01 नग मूंगा जडित सोने का अंगूठी, 01 नग मोती की अंगूठी, 02 जोडी चांदी की पाजे, 05 जोडी चांदी की पायल, 01 जोडी पैर का छडा चांदी का पुराना इस्तेमाली और नगदी रकम चुरा ले गए। चोर लगभग चार से पांच लाख रुपए के जेवर चुरा ले गए। हालांकि पुलिस ने सवा लाख रुपए के जेवर रिपोर्ट में दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# बिस्किट फैक्ट्री के मालिक ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी राजनांदगांव में एक बिस्किट फैक्ट्री के मालिक युवा व्यापारी ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना शनिवार की है। मृतक की क्षत-विक्षत लाश मौहाभाठा स्थित रेलवे ट्रेक में पड़ी हुई मिली। रेलवे कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान की। जिसके बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक सिंधी कॉलोनी लालबाग निवासी 34 वर्षीय उमेश माखिजा पिता मोहन लाल है। शनिवार को सोमनी थाना क्षेत्र के मौहाभाठा स्थित रेलवे ट्रेक में ट्रेन के सामने कूदकर उसने आत्महत्या कर ली।



पुलिस ने बताया कि युवा व्यापारी के खुदकुशी करने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। इस मामले में युवक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। परिजनों का कहना है कि बेटे ने ये आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। वहीं मृतक के पास से कोई सुसाइडल नोट भी बरामद नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक उमेश माखिजा का बरगा में बिस्किट की फैक्ट्री है।

# ओडिशा बार्डर पर तीन तस्कर गिरफ्तार: छत्तीसगढ़ के रास्ते लग्जरी कार में चांदी की 34 ईंट की तस्करी, ड्राइवर सीट के नीचे बनाया था गुप्त चेंबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पुलिस ने 31 लाख रुपए की चांदी की ईंट की तस्करी का खुलासा किया है। आरोपियों ने एक लग्जरी कार में जूट की बोरी में चांदी की ईंट छिपाया था। सिंघोड़ा पुलिस ने ओडिशा बार्डर पर तीन तस्करों को धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ओडिशा से होते हुए उत्तरप्रदेश जा रहे थे। पुलिस को चकमा देने और चांदी को सुरक्षित ले जाने के लिए आरोपियों ने कार में एक गुप्त चेम्बर भी बना रखा था। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान आरोपियों को पकड़ा है।

### देने लगे गोलमोल जवाब

महासमुंद एसपी भोजराम पटेल ने प्रेसवार्ता में इसका खुलासा करते हुए बताया कि 11 नवंबर को सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल में पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच ओडिशा की तरफ से एक कार एमपी 7 सीजी 5090 स्पीड से आती दिखी। जिसे रोका गया। वाहन में तीन व्यक्ति बैठे मिले। तीनों से पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगे। तीनों के जवाब सुनकर पुलिस को शंका हुई और कार की तलाशी ली।



### पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार

पुलिस ने वाहन चालक संजय कुमार माहोर पिता हजारी माहोर (42) वार्ड-9 प्रेम विहार दयालबाग आगरा थाना न्यू आगरा जिला आगरा, राजकिशोर शर्मा पिता बनवारी लाल शर्मा (48) आलमचंद बाजार पोस्ट चांदनी चौक थाना लालबाग जिला कटक ओडिशा और लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल पिता हजारी लाल अग्रवाल (52) वी-451 दास यमुना कॉलोनी फेस-1 आगरा थाना आगरा (यूपी) को गिरफ्तार किया है।

### 31 लाख से ज्यादा मूल्य की है चांदी की ईंट

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान तीनों ने चांदी के संबंध में कोई भी वैधानिक दस्तावेज नहीं दिया। थाना और साइबर सेल टीम द्वारा चांदी की ईंट को कहां से लाना और कहां ले जाना संबंधित सवाल करने पर कटक ओडिशा से रायपुर लाना बताया। जप्त किए गए 34 चांदी की ईंट जिनका वजन 62 किलो 280 ग्राम है। पकड़े गए चांदी की कीमत पुलिस ने 31,14 000 रुपए आंकी है। वहीं आरोपियों के पास से 70,000 भी बरामद किया गया है।

### कार में बनाया था गुप्त चेंबर

कार की सीट में नीचे एक विशेष चेम्बर दिखा। चेम्बर खोलकर देखा तो उसके अंदर दो जूट की बोरी में चांदी की ईंट रखी हुई मिली। टीम ने दोनों जूट की बोरी की जांच की तो एक बोरी में 23 अलग-अलग साइज की और दूसरी जूट बोरी में 11 नग अलग-अलग साइज के चांदी की ईंट मिली।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण से वादी-परिवादियों के खिले चेहरे

**दुर्ग।** पक्षकारों को त्वरित,सरल और सुगम न्याय दिलाने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वादी व परिवादियों ने उत्साह के साथ शामिल होकर आपसी राजीनामा से अपने प्रकरणों का निपटारा किया। लंबित प्रकरणों के निपटारा होने से वादी-परिवादियों के चेहरे खिल उठे। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में कई प्रकरण आए। फलस्वरुप आयोग के कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित कार्यालय में वादी-परिवादियों की भीड़ जुटी रही। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष योगेशचंद्र गुप्त और सदस्य नीलू ठाकुर ने वादी-परिवादियों के पक्ष को सुना और प्रकरण आपसी राजीनामा से निराकरण किया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में हॉउसिंग बोर्ड, सहारा इंडिया, बीमा बैंक, मोटर व्हीकल एक्ट, स्वास्थ्य बीमा व अन्य प्रकार के प्रकरण आपसी राजीनामा से निराकरण के लिए आए थे। जिनका निराकरण किया गया। इसके अलावा जिला न्यायालय में अन्य कोर्ट में भी प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निराकरण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के वादी, परिवादी व उनके अधिवक्ताओं के शामिल होने से जिला न्यायालय में दिनभर भीड़-भाड़ का माहौल रहा।

### श्रेष्ठ बनना है तो मन पर नियंत्रण जरुरी-डॉ मोहित गुप्ता

**दुर्ग।** देश के प्रसिद्ध कॉर्डियोलाजिस्ट डॉ. मोहित गुप्ता शनिवार को दिल्ली से दुर्ग पहुंचे। उन्होने ग्राम कोलिहापुरी स्थित छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्युट ऑफटेक्नोलॉजी में आयोजित इमोशनल इंटेलिजेन्स विषय पर आधारित सेमीनार में व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को बेहतर जीवन जीने की कला सिखाई। व्याख्यान में उन्होने विज्ञान व अध्यात्म का समावेश कर विद्यार्थियों के जीवन के कई पहलुओं को रेखांकित किया। इसके लिए उन्होने कई रिसर्च को उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को अवगत भी कराया। कॉर्डियोलाजिस्ट डॉ. मोहित गुप्ता का कहना था कि जीवन मन का खेल है। विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना है,तो मन पर नियंत्रण जरुरी है। उन्होने कहा कि जल्दी करो,टाईम नहीं है। इस वाक्य को अपने डायरी से हटा दो, क्योंकि यह शब्द जो कहता है वह बहुत तनाव से ग्रसित होता है। बीजी शब्द को जीवन से डिलीट कर दो। आज के बाद बीजी नहीं बी ईजी हो जाओ। जो मन में होता है,वह जीवन में रिएक्ट करता है। जीवन में परिवर्तन लाना जरुरी है। जिसके लिए आज से संकल्पित हो जाओ। डॉ. गुप्ता ने कहा कि विचारों का भविष्य पर असर पड़ता है। मन व विचार अच्छा होगा तो सब अच्छा होगा। अच्छी लाईफस्टाईल व अच्छी सोच से बड़े-बड़े बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। डॉ. गुप्ता ने व्याख्यान में विद्यार्थियों को राजयोग मेडिटेशन करने की नसीहत दी। उन्होने योग को मन को शांत करने का उपाय बताया। व्याख्यान में छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्युट ऑफटेक्नोलॉजी के चेयरमेन अजय वर्मा, रजिस्टार राजेश वर्मा, राजीव नायर, ब्रम्हाकुमारीज संस्था के बहनों के अलावा कॉलेज स्टॉफव विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### स्टॉफ नर्स नियुक्ति सूची जारी

**दुर्ग।** जिले में डीएमएफनिधि के अंतर्गत शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कचांदुर चिकित्सालय दुर्ग में संविदा स्टॉफनर्स के 25 पद में चयनित अभ्यार्थियों की पदस्थापना नियुक्ति आदेश की सूची जिले की वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। विस्तृत जानकारी हेतु जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

# साहू समाज की महिला प्रकोष्ठ का दीपावली मिलन समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। साहू समाज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन साहू मित्रसभा सुपेला भवन मे किया गया था । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष तुलसी साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की आरती से हुआ। इसके बाद बालपास ,फ्री हौजी इस गेम मे सभी पदाधिकारी बहने बड़ - चढ़कर भाग लिया।




बालपास में प्रथम किरण साहू, द्वितीय राजश्री, अंजू साहू तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह फ्री हौजी में प्रथम स्थान चंदा हिरवानी, द्वितीय राजश्री व तृतीय स्थान पर ओम प्रभा रहीं। इस प्रकार सभी ने आगे की कर्यक्रम को भव्य मनाने के लिए अपना -अपना विचार रखा। दीपावली के मिलन समारोह के अवसर पर प्रमुख रूप से जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ट की सयोंजीका सरोज साहू,सचिव रुखमणि साहू जी,कोषाध्यक्ष प्रभारानी, सहसयोंजिका शिव साहू, नीलम साहू, लीना साहू, चंदा हीरवानी,सहसचिव उषा साहू, कुमारी साहू, उषा साहू, राज, झनिक साहू, सविता साहू, मंजू साहू, जानकी साहू, हेमलता साहू, भानु साहू, कुंजलता साहू, योगेश्वरी साहू, पार्वती साहू, ओमप्रभा साहू, अंजू साहू, वर्षा साहू, किरण साहू, कार्यक्रम की संचालन रुखमणि साहू किया।

## बाल दिवस के दिन माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 300 बच्चों को स्वेटर का किया जायेगा वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 14 नवंबर ''बाल दिवस'' के उपलक्ष्य पर शांति कान्वेंट स्कूल मरोदा के लगभग 300 से अधिक छोटे बच्चों को स्वेटर का वितरण किया जायेगा। संस्था के ट्रस्टी डॉ. संतोश राय ने बताया की माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्य सुबह 10:30 बजे डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट सेक्टर-10 मे एकत्रित होकर स्कूल की ओर प्रस्थान करेंगे।



माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किये जाते है साथ ही साथ अनेक ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता हैं जिससे जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक फायदा पहुँचाया जा सके एवं उनका किसी न किसी प्रकार से सहयोग किया जा सके।

उक्त कार्य मे माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट के विभा भुटानी, अमित श्रीवास्तव, फजल फारूखी, रमेष पटेल, डॉ. मिट्ठू, आदित्य जी, अदिती गंगवानी, खूबलाल साहू, सी.ए. विकास पाण्डे, अर्पूवा मिश्रा, रश्मि सोनी (मुंबई) ने प्रमुख रूप से सहयोग प्रदान किया।

माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. संतोष राय ने बताया कि अतिशीघ्र जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बचपन को बेहतर करने हेतु माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्कूल निर्माण किया जाएगा। निरंतर स्वच्छता अभियान, श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रो में कैरियर, निर्माण जैसे कार्यो से जुड़ी संस्था समाज की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ट्रस्ट के बारे मे अधिक जानकारी के लिये मो.न.9425557979 एवं मो.न.8305080008 पर संपर्क करे।

# भिलाई जिला कांग्रेस ने किया भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर भारत जोडो पदयात्रा का नेतृत्व जिला अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर ने वैशाली नगर विधानसभा स्तरीय बूथ स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा आज वार्ड 6 परिदर्शनी नगर के व्यंकेटेश्वर टाकीज से प्रारम्भ हुई । यात्रा वार्ड के श्रमिक बस्तियों संजय नगर कुम्हार पारा में घुमाया गया यात्रा के दौरान समाज के प्रमुख मंदिरों,जयतखम्भ की पूजा अर्चना भी किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के उद्देश्यों के जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत जोडो यात्रा की जरूरत है जिससे देश मे अमन और शांति कायम रहे, संविधान की रक्षा हो सके इसलिये कांग्रेस पार्टी ने पदयात्रा निकली है। भारत जोडो पदयात्रा मे निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, अतुल साहू, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार कशयप,सदस्य संदीप निरंकारी, केशव चौबे, श्रीमती नेहा साहू चन्द्रशेखर गवई , राजेन्द्र महिलांगे, निरंजन बिसाई, वाशु दलाई, रविशंकर कुर्वे, अजय,शिरबावीकार,,आमिर अहमद, नरसिंह नाथ,अकील रज्जन , अली हुसैन सिद्दीकी, , प्रभाकर जनबन्धु,शोनु, सत्यनारायण सिंह, मोहन दलाई, राजू कनाई, शोयब मो खान, इस्राईल कुरैशी,विजय विशाल महेंद्र साहू,नगेन्द्र शर्मा, अशोक रामटेके ,जी राजू, शमशेर सिद्दकी,ईस्माइल खान, हरिशंकर साहू, भुवनेश्वरी रानी, अनिशा बघेल,पिंकी वर्मा, अनुसुईया मरकाम, कीर्ति सिंह, अंजू आचार्य, किशन यादव, विनोद यादव, गोविंद कोसले, मो अकबर कुरैशी, ,बद्रीनाथ बघेल, बंटू शर्मा, राजकुमार चौधरी,गुरमीत सिंग हानि ,बलदाऊ पिपरिया, नरेंद्र पिपरोल, अफसर अली प्रदीप कुलदीप,आदि लोग उपस्थित थे।

### एसडब्लूसी चेयरमेन वोरा ने किया नांदगांव एवं खैरागढ़ जिले के गोदामों का दौरा

# 15 करोड़ से भंडारण क्षमता में होगा 22 हजार एमटी का इजाफा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने राजनांदगांव एवं नवनिर्मित खैरागढ़ जिले के गोदामों का सघन दौरा किया। जहां 15 करोड़ की लागत से 12 नए गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है । धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही भंडारण के लिए गोदामों में पर्याप्त सुरक्षात्मक उपाय, कीटनाशक, स्प्रेयर इत्यादि का निरीक्षण करने वोरा ने विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दौरा प्रारंभ किया है।



इस दौरान वोरा ने स्कंध की जांच भी की उन्होंने कहा कि अन्नदाता की मेहनत का संरक्षण करने के साथ ही आम जनता तक समय पर पीडीएस चावल उपलब्ध करवाने की दोहरी जिम्मेदारी विभाग के पास है। विगत वर्षों में जिस तरह से लगातार न्यूनतम वेस्टेज के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी अनाज का भंडारण करने में सफल रहे हैं वह सराहनीय है। प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार की सफल नीतियों की वजह से लगातार किसानों का रुझान वापस खेती की तरफ आने लगा है जिससे भंडारण क्षमता में बढ़ोतरी करने की आवश्यकता है। जल्द ही राशन दुकान सह गोदाम एवं मध्य भारत के पहले फूड टेस्टिंग लैब के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी। इस वर्ष रेकॉर्ड धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए भंडारगृह के कर्मचारियों को पूरी तरह से तैयार रहना होगा ताकि भंडारण एवं वितरण में हम हर वर्ष की भांति अग्रणी भूमिका निभा सकें।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम की बड़ी कार्रवाई, 35 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक पर शहर के कई स्थानों पर छापे मार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कई किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किए गए तथा इसका बड़े पैमाने पर विक्रय करने वालों पर जुर्माना लगाया गया।



भिलाई निगम ने अनेकों स्थानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जब्ती के साथ ही जुर्माना लगाया। वैशाली नगर जोन क्षेत्र अंतर्गत पुराना मछली मार्केट के पास 35 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करते हुए 10000 रुपए जुर्माना वसूला गया तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रय नहीं करने की चेतावनी दी गई। इसके अलावा निगम की टीम ने घूम-घूम कर शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर दुकानों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने प्रतिबंध प्लास्टिक के निर्माता की पहचान कर सूचीबद्ध करने भी कहा है। इसी तारतम्य में भिलाई निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक पर सख्ती से कार्रवाई करना प्रारंभ कर दिया है।

वर्तमान में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर की गई कार्रवाई खास रही क्योंकि बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक की जब्ती हुई है। आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई भिलाई निगम करता रहेगा। शहर से प्रतिबंधित प्लास्टिक को समाप्त करने शहरवासियों से भी अपील है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में अंजनी सिंह की अहम भूमिका रही।

## उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ मे चक्र साधना शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में शुक्रवार से तीन दिवसीय चक्र साधना शिविर प्रारंभ है। तीर्थ प्रबंधन के संयोजन में जीवन प्रशिक्षक (ट्रेनर) शेखर जैन के मार्गदर्शन में लोगस्स सूत्र आधारित साधना शिविर में छत्तीसगढ़ अंचल के सैकड़ों शिविरार्थी भाग ले रहे है। लोगस्स जैन धर्म के तीर्थंकरों की वंदनावली है। साधक को इस सूत्र के स्मरण चिन्तन-मनन से असीम ऊर्जा मिलती है। इस शिविर में साधक आध्यात्म से परिपूर्ण जीवन निर्माण की कला सीख रहे हैं।

साधकों को प्रशिक्षित करते हुए ट्रेनर शेखर जैन (बैद) ने आज प्राथमिक भूमिका में कहा कि- आदमी की शक्ति असीम है। व्यक्ति के अंदर निहित चेतना, ज्ञान एवं आनंद की शक्ति असीम है। इस असीमता को आप अपनी दृष्टिकोण से मत बांधिए, आपके दृष्टिकोण से परे भी सत्य है।

सत्य उतना ही नहीं है जितना आप और हम जानते है, मानते है। उससे आगे भी सत्य है द्य हमारी आंखो की क्षमता बहुत कम है। आकाश भी उतना ही नहीं है, जितना हम देखते है, जानते है। वह बहुत बड़ा है, अनंत है, असीम हैं। सौर मंडल में असंख्य निहारिकाएं है, एक दूसरे से सैकड़ों प्रकाश वर्ष की दूरी है।

# कर्म अच्छे होंगे तो बनेंगे नारियल के वृक्ष में लगे फल की तरह बनेंगे - आचार्य विशुद्ध सागर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। तपकल्याण दिवस के मौके पर प्रतिष्ठाचार्य सरस जी जैन ने मंचासीन इंद्र इंद्राणियों के साथ तपकल्याण धर्म की पूजन क्रिया संपन्न किया। इस दौरान सुबह जाप्यानुष्ठान, जलाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, याग मंडल आराधना, जन्म कल्याणक पूजन, शांति यज्ञ आदि किया गया। इसके बाद मंदिर बेदी शुद्धि, मंदिर जी में वास्तु विधान संस्कार हुआ। दोपहर बाद राजा नाभिराय का दरबार, 32 मुकुट बद्ध राजाओं द्वारा भेंट, आदि कुमार का राज्याभिषेक षट्कर्मदर्शन, नीलांजना का नृत्य, वैराग्य, लौकांतिक देवों का आगमन हुआ। इसके बाद दीक्षा विधि कराई गई। इसके बाद आचार्य श्री के मंगल प्रवचन हुए। इस मौके पर सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस मौके आचार्य श्री ने कहा कि पारस धाम के चारों ओर नारियल के वृक्ष लगे हैं उस नारियल में ऊपर तक पानी आ जाता है। आप इस पर सोचें यह कैसे पहुंचता है। क्योंकि यह वृक्ष भी जमीन पर स्थित है। फल्ली जमीन के अंदर होने के बाद भी सूखा रह जाता है यह सब कर्मों के भाग्य के पर निर्भर रहता है। आचार्य श्री ने कहा कि जब आपके कर्म अच्छे होंगे तो नारियल के वृक्ष में लगे फल की तरह बनेंगे। आप सभी अपने जीवन को विवेकवान बनाते हुए संयम और धैर्य के साथ जीवन जिएं और अपना आत्मकल्याण के साथ राष्ट्र एवं धर्म के विकास के साथ अहिंसा के मार्ग पर चलें। आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी को सांसद विजय बघेल ने श्रीफल अर्पण कर मंगल आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस मौके पर आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि आप अपना घर मत बनाओं बहुत सारा घर बनओ। हर किसी को अपना बनाते हुए उनके दिल में समा जाओ ऐसा परोपकारी और नेक कार्य करते रहना। सांसद बघेल को आचार्य श्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अनेक ग्रामों व कस्बों में जैन प्रतिमाएं निकल रही हैं जो पुरातत्व विभाग में रखी हुई है। जो प्रतिमा अच्छी है उसे आप शासन से जैन समाज को उपलब्ध कराएं जिससे कि उनका नियमित पूजा पाठ शुद्धि के साथ किया जा सके। और खंडित मूर्तियों को आप सम्मान के साथ पुरातत्व विभाग में लोगों के दर्शनों के लिए रखा जाए। इस मौके पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि गुरुदेव मेरा बचपन से ही मुनिगणों व साधू संतों का आशीर्वाद मिलता रहा है। रतन मुनि जी का आशीर्वाद भी मिलता रहा है। मेरा सौभाग्य है कि आज आप जैसे मुनिराज का दर्शन लाभ इस पार्श्वनाथ धाम में आप के आशीर्वाद के साथ मिला है। मेरा सभी धर्मों से प्रेम व भाईचारा का संबंध है। आपके आशीर्वाद स्वरूप सांसद के रूप में नहीं बल्कि विजय बघेल के रूप में लोगों के बीच रहना पसंद करता हूं। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने पार्श्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मौके पर पंचकल्याण समिति के संयोजक प्रभात जैन, अध्यक्ष अरविंद जैन, प्रचार प्रसार प्रमुख प्रदीप जैन बाकलीवाल, भागचंद जैन, महामंत्री प्रेमेन्द्र जैन, राजेश जैन, अजय बोहरा ने सांसद बघेल का स्वागत करते हुए अनुरोध किया कि यहां के निवासियों व समुदाय के लोगों को मंदिर व गांव में प्रवेश के लिए एक अंडरब्रिज निर्माण कराने में सहयोग करें।

इस मांग पर सांसद ने आश्वासन दिया और आचार्य श्री को भरोसा दिलाया कि वे जैन समाज को पुरातत्व विभाग से प्रतिमाएं दिलाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से निवेदन करेंगे। आज के कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति प्रकाश मोदी भाटापारा, संतोष जैन दुर्ग, सुरेश जैन, राजकुमार जैन, डॉ आरके जैन, अजीत जैन एवं समिति के अनुपम जैन, राजेश जैन, संतोष जैन, संजीव जैन, जिनेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, बबलू, विजय जैन, जिनेन्द्र जैन, प्रशांत जैन आदि की उपस्थिति रही। 13 अक्टूबर को केवल ज्ञान कल्याणक पूजा प्रतिदिनानुसार होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950